रोहतक, शुक्रवार 6 नवंबर 2026 ■ कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष : 30, अंक : 274 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00 मौसम अधि. 32.6 , न्यून. 13.0 haribhoomi.com

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

एसआईआर को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री का विपक्ष पर हमला

राहुल बताएं, 10 साल में 12 बच्चे हो सकते हैं क्या : शाह

- करनाल में लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा में शामिल हुए
- बोले-घुसपैठियों को चुन चुन कर देश से बाहर निकालेंगे, कांग्रेस उन्हें चाहती है बचाना
- कई जगह लिस्ट में बेटा अपने पिता से बड़ा, 600 गज के मकान में 132 लोग
- चुनाव आयोग का काम फर्जी नामों को हटाकर वोटर लिस्ट को ठीक करना, वही कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल/अंबाला

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने संसद में हंगामा करने को 'कांग्रेस की कार्यशैली' बना दिया है। शाह ने हरियाणा के करनाल में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए दोहराया कि केंद्र सरकार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने को तैयार हैं। अमित शाह ने कहा कि घुसपैठियों की पहचान कर मतदाता सूची से उनके नाम हटाना भाजपा का संकल्प है। शाह ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) पर निशाना साधते हुए कहा, ''इसकी रैली का मकसद मतों की रक्षा करना नहीं, बल्कि घुसपैठियों को बचाना है। अमित शाह ने एसआईआर को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों का आरोप लगाया।



अंबाला में शहीद स्मारक का लोकार्पण किया

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अंबाला में 600 करोड़ रुपये की लागत से बने 1857 की क्रांति के शहीद स्मारक का लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने गांधी मैदान में रैली को संबोधित किया। अंबाला की रैली में उनका पूरा फोकस हरियाणा की विकास योजनाओं के बारे में रहा। यहां उन्होंने सीएम सैनी की तारीफ करते हुए कहा- हरियाणा की सरकार अपने सारे वादे पूरे कर रही है।

उन्होंने राहुल गांधी से सवाल करते हुए पूछा कि क्या 10 साल की शादी में 12 बच्चे हो सकते हैं? शाह ने कहा कि वोटर लिस्ट में ऐसे नाम भी हैं, जहां बेटा अपने पिता से बड़ा है और 600 गज के एक मकान में 132 लोग रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के बूथ लेवल अधिकारी ने वोटर लिस्ट की जांच के दौरान जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाई। पदयात्रा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री एवं करनाल के सांसद मनोहर लाल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, पार्टी की हरियाणा प्रभारी स्मृति ईरानी और राज्य के कई मंत्री शामिल हुए।

सैनी बोलते कम हैं, काम करने में बहुत तेज

नशा मुक्त हरियाणा के लिए लोगों ने कमर कस ली है। नरेंद्र मोदी ने हरियाणा को प्रायोरिटी दी है, क्योंकि जिस वक्त संगठन सचिव थे तब वो हरियाणा के प्रभारी थे। मैं आज कहने आया हूं- नायब बोलते कम हैं, लेकिन काम करने में बहुत तेज हैं। 2029 में जब वोट लेने आएंगे तब हम सभी घोषणाओं को समाप्त करके आएंगे।

संसद नहीं चलने देते राहुल फैला रहे अराजकता

अमित शाह ने राहुल गांधी पर संसद बाधित करने और चर्चा से भागने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शोर-शराबा कांग्रेस का कल्चर बन चुका है और अब वे सड़कों पर भीड़ जुटाकर अराजकता फैला रहे हैं।

हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रहे राहुल

शाह ने कहा कि लगातार हार के बाद राहुल अपनी नाकामी स्वीकारने के बजाय चुनाव आयोग पर आरोप लगा रहे हैं। हारने पर रेफरी को ही चीटर बताना उनकी आदत बन गई है।



Unless specified, the retail prices shown are for 1 unit of the product.
Terms & Conditions Apply: AU Small Finance Bank/IDFC First Bank/Kotak Bank/RBL/Yes Bank: CC FS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 5,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 10,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. CC EMI : : 7.5% discount up to Rs 2,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,500 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 7,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 15,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. Flat Rs. 25,000 discount on a minimum transaction of Rs. 3,00,000 & above. IDFC: DC FS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. IndusInd: CC/DC FS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 5,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 10,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. CC EMI: 10% discount up to Rs 15,000 on transactions of Rs 10,000 & above. Axis/HDFC/SBI/OneCard: CC EMI: 7.5% discount up to Rs 2,500 on transactions of Rs 10,000 & above (SBI Card EMI- Rs. 15,000 & above). Flat Rs. 3,500 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 7,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 15,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. Flat Rs. 25,000 discount on a minimum transaction of Rs. 3,00,000 & above. For HDFC Bank & SBI Cards, EMI offer applicable on 6 months & above tenure only. Offers applicable on purchase of select product & brands only. Offers is applicable across Reliance digital, My Jio Stores, JioMart Signature stores & www.reliancedigital.in from 31st Oct to 11th Nov 2026. For the purpose of this offer; CC FS shall refer to Credit Card Full Swipe, CC EMI shall refer to Credit Card EMI, DC FS shall refer to Debit Card Full Swipe. Consumer Durable Loan Upto 20,000 Cashback on LED, Laptop, AC, Ref, Washing Machine & Mobile Phone with Bajaj Finserv. Offer validity : 31st Oct'26 to 11th Nov'26.Up to Rs 45000/- Cashback on Refrigerator, Panel, Washing Machine, Dish Washer, Smart phone & laptop with IDFC First Bank Ltd. Offer validity: 31st Oct'26 to 15th Nov'26 for IDFC First Bank. Up to Rs 31,000/- cash back on Consumer durable products, laptop & Digital Products with HDB Financial services, offer Validity 31st Oct'26 to 11th Nov'26 for Pan India. All Paper finance offers are available on select brands / products/ Schemes & select customers. offer valid in select states/cities. For more details contact in-store finance executive. For Paper Finance, benefit shall be given to the customer in form of cashback which shall be posted by respective financier as per their terms. Finance: Offer wherever applicable is at the sole discretion of the financing company. Brand Offers: Offers applicable on brands are sole discretion of the respective brands. *GST will be applicable on all the FREE products. All disputes are subject to the exclusive jurisdiction of the courts in Mumbai only.

खबर संक्षेप

युवाओं के मुद्दों को दबा रही भाजपा : संपत

चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री एवं इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. संपत सिंह ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस, दोनों ही हरियाणा के युवाओं के हितों के खिलाफ काम कर रही हैं। यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि दोनों राजनीतिक दल जनता का ध्यान वास्तविक मुद्दों से भटकाने में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। जहां कांग्रेस 'वोट चोरी' का मुद्दा उछाल रही है, वहीं भाजपा ने 'अराजकता और कानून-व्यवस्था' का मुद्दा उठा रखा हैउन्होंने कहा कि शुरुआत में युवाओं ने प्रश्नपत्रों के लीक होने, भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं, बेरोजगारी तथा शिक्षा व्यवस्था की खामियों और शैक्षणिक संस्थानों में बुनियादी सुविधाओं के अभाव जैसे जायज मुद्दे उठाए थे। युवाओं ने इन समस्याओं की ओर न केवल हरियाणा, बल्कि पूरे देश का ध्यान सफलतापूर्वक आकर्षित किया था।

महिला समर्थ पुरस्कार के लिए 20 तक आवेदन

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से महिला कर्मचारियों के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सकारात्मक कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महिला समर्थ संस्थान पुरस्कार योजना शुरू की गई है। विभाग के एक प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस पुरस्कार की पांच विभिन्न श्रेणियों के लिए पात्र संस्थानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। सरकार द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 नवंबर कर दी गई है।

साइबर ठगी का आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

फरीदाबाद। साइबर अपराधी लोगों को शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर साइबर ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला फरीदाबाद में सामने आया है। जिसमें कार्रवाई करते हुए साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने आरोपित उजैफ कासिफ निवासी दरियागंज दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार सेक्टर-10 फरीदाबाद निवासी ने थाना साइबर क्राइम बल्लभगढ़ में दी शिकायत में बताया कि 31 अक्टूबर 2025 को फेसबुक पर शेयर मार्केट में निवेश कर 850 प्रतिशत से अधिक मुनाफा कमाने का लालच देने वाली एक रील देखने के बाद उसे व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। आरोपियों ने एक एप्लीकेशन के माध्यम से निवेश करवाया। 11 नवंबर से 16 दिसंबर 2025 के बीच अलग-अलग बैंक खातों में कुल 6.80 लाख रुपये जमा करवाए। एप्लीकेशन पर उसे मुनाफे सहित लगभग 14 लाख रुपये का बैलेंस दिखाया गया।

रेलवे ट्रैक पर मिला था युवक का शव, परिजनों को मिलेगा 8 लाख मुआवजा

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस में भर्ती होकर वर्दी पहनने का सपना लेकर घर से निकले युवक की रेलवे हादसे में मौत हो गई। बेटे को खोने के बाद माता-पिता ने रेलवे से मुआवजे की मांग की, लेकिन रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल ने टिकट बरामद नहीं होने के आधार पर दावा खारिज कर दिया था। करीब आठ साल बाद पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने यह फैसला रद करते हुए रेलवे प्रशासन को आठ लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया। जस्टिस हरकेश मनुजा ने भोल सिंह व एक अन्य की अपील स्वीकार की। मामला अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन के पास हुए हादसे का है। हरदीप सिंह 8 अगस्त 2014 को अंबाला में हरियाणा पुलिस भर्ती की शारीरिक परीक्षा देने जा रहा था।

मुख्यमंत्री ने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को संबोधित किया

संविधान और आम नागरिक का वोट ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत

एसआईआर को लेकर देशवासियों को भ्रम में डाल रही कांग्रेस : नायब सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में करनाल में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री एवं करनाल सांसद मनोहर लाल और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने जनसभा को संबोधित किया। नेताओं ने लोकतंत्र, संविधान, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, राष्ट्रीय एकता और विपक्ष की राजनीति को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत संविधान और सामान्य नागरिक का वोट है। किसी व्यक्ति के पास धन, प्रभाव या बड़ा राजनीतिक परिवार हो अथवा न हो, मतदान केंद्र पर हर नागरिक के वोट का अधिकार बराबर है। उन्होंने कहा कि एक वोट में किसान का परिश्रम, मजदूर की उम्मीद, नौजवान का भविष्य और माताओं-बहनों की आकांक्षाएं जुड़ी होती हैं।

मतदाता सूची का पुनरीक्षण लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जरूरी प्रक्रिया : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण चुनाव आयोग की संवैधानिक प्रक्रिया है, जो समय-समय पर होती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस एसआईआर को लेकर झूठ और भ्रम फैलाने का काम कर रही है। सैनी ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जरूरी प्रक्रिया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को 'आज का चाणक्य' बताते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय एकता और आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए निर्णायक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए हटाकर अमित शाह ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत किया।

देश में अराजकता पैदा करना चाहता है विपक्ष : मनोहर

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी देश में अराजकता का वातावरण बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के कुछ नेता देशविरोधी तत्वों को आगे करके उनके कंधों पर बंदूक रखने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय चेतना की भावना मजबूत हुई है। मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा की धरती हमेशा देश की रक्षा और राष्ट्रसेवा के लिए जानी जाती रही है। कार्यक्रम में भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री एवं हरियाणा प्रभारी स्मृति ईरानी, प्रदेश सह प्रभारी डॉ. भोला सिंह, विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार, महिपाल ढांडा, रणबीर गंगवा, राव नरबीर, कृष्ण बेदी, डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. कृष्ण मिड्ढा, गौरव गौतम, विधायक जगमोहन आनंद, योगेन्द्र राणा, भाजपा प्रदेश महामंत्री गोपाल शर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर उपस्थित रहे।

अमित शाह बोले- नायब सैनी काम करने में बड़े तेज

■ केंद्रीय गृहमंत्री ने थपथपाई मुख्यमंत्री की पीठ

योगेंद्र शर्मा ⏭ अंबाला

शहीदों की माटी अंबाला छावनी में शहीद स्मारक का लोकार्पण करने आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छावनी गांधी मैदान के मंच से बार बार शहीदों को याद कर नमन किया, वहीं इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, श्रम व परिवहन मंत्री अनिल विज, केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के कामकाज करने के तरीकों की जमकर प्रशंसा की। इस दौरान ने नायब सैनी का नाम लेकर कहा कि यह हमारे सीएम नायब सिंह सैनी काम करने में बड़े तेज है, जब हम 2029 में वोट मांगने आएंगे, तो संकल्प पत्र के सारे वादे पूरे कर चुके होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा पीएम नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता में है, इसलिए पीएम मोदी का आशीर्वाद भी जनता व प्रदेश के साथ में है ,यहां के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। शाह बोले पंजाब में भाजपा एनडीए की सरकार बना दो, नशा मुक्त कर दिखा देंगे हरियाणा में बेहतरीन काम हुआ है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने शाम को 4 बजकर 41 बजे भाषण की शुरुआत की साथ ही सबसे पहले मां अंबा की धरती को प्रणाम किया साथ ही कहा कि हरियाणा बने 60 साल हो गए हैं,

विकास में सबसे आगे निकल रहा हरियाणा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री देश को विकसित भारत का संकल्प ले चुके हैं, जिसको हर हाल में पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भले ही एयरपोर्ट हिसार की बात हो वहां से फ्लाई चलाने की बात हो या फिर हाइड्रोजन ट्रेन सारा कुछ हरियाणा में उल्लेखनीय काम हुआ है। प्रदेश विकसित भारत बनाने के काम में बेहतर योगदान देगा इस बात की उम्मीद जताते हुए शाह ने कहा कि 2029 में जिस वक्त वोट मांगने आएंगे उस वक्त तक प्रदेश के संकल्प पत्र का हर वादा पूर्ण कर चुके होंगे।

प्रदेश ने दोनों मुख्यमंत्रियों के समय में बहुत ही बेहतर कामकाज किए हैं। भले ही पर्ची खर्ची बंद की हो या फिर शिक्षित पंचायतों को चुनने का फैसला लिया हो, मैंने उस समय मनोहरलाल को मना किया था, कि लोग आपके विरुद्ध हो जाएंगे लेकिन बिना परवाह किए उन्होंने शिक्षित पंचायत चुनने का फैसला लिया। उन्होंने हरियाणा द्वारा कई योजनाओं को लागू करने के मामले में देश के अंदर सबसे बढ़िया काम करने पर थपकी दी, साथ ही सरकार के कामकाज को सराहा।

पांच एचसीएस अधिकारियों के तबादले और नियुक्ति

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने बृहस्पतिवार को तुरंत प्रभाव से पांच एचसीएस अधिकारियों के तबादला एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। वर्तमान में नियुक्ति आदेशों की प्रतीक्षा कर रहे धीरज चहल को हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद का संयुक्त राज्य परियोजना निदेशक नियुक्त किया गया है। संजय बिश्नोई, जो जिला परिवहन अधिकारी-सह-सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, फतेहाबाद, सिरसा और हिसार के पद पर कार्यरत थे, को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में उप-सचिव नियुक्त किया गया है। फतेहाबाद के सिटी मजिस्ट्रेट गौरव गुप्ता को जिला परिवहन अधिकारी-सह-सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, फतेहाबाद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। हिसार सीटीएम रोहित कुमार को जिला परिवहन अधिकारी-सह-सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, हिसार का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। सिरसा के सीटीएम अजय सिंह को जिला परिवहन अधिकारी-सह-सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, सिरसा का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

■ धीरज चहल को स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद में जिम्मेदारी

अस्पतालों को मिलेंगे 19 नए नवजात वेंटिलेटर

चंडीगढ़। हरियाणा में गंभीर बीमार नवजात शिशुओं के इलाज की व्यवस्था मजबूत की जाएगी। इसके लिए प्रदेश के अस्पतालों में करीब 7 करोड़ की लागत से 19 अतिरिक्त नवजात वेंटिलेटर उपलब्ध करवाए जाएंगे। प्रदेश की विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाइयों में पहले से 54 नवजात वेंटिलेटर उपलब्ध हैं। नए वेंटिलेटर मिलने के बाद इनकी संख्या बढ़कर 73 हो जाएगी। इससे गंभीर हालत में भर्ती नवजात शिशुओं को समय पर सांस लेने में मदद देने की क्षमता बढ़ेगी। स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि नवजात शिशु देखभाल इकाइयों को एकीकृत मातृ-नवजात शिशु देखभाल इकाइयों के नवजात को मां से अलग रखने की जरूरत कम होगी डॉ. सुमिता मिश्रा के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य अस्पताल में भर्ती नवजात शिशुओं को उनकी माताओं से अनावश्यक रूप से अलग होने से बचाना है। इसे देखते हुए ही यह उपकरणों की खरीद की जाएगी।

■ स्वास्थ्य विभाग सात करोड़ रुपये खर्च करेगा : मिश्रा

स्वतंत्रता सेनानी की विधवा बेटी को मिलेगी पेंशन

चंडीगढ़। स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को मिलने वाली आर्थिक सहायता पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि आश्रितों का पेंशन दावा केवल तकनीकी आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता, खासकर जब स्वतंत्रता सेनानी होने के पर्याप्त दस्तावेजी प्रमाण मौजूद हों। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने स्वतंत्रता सेनानी की विधवा बेटी को पेंशन देने के आदेश के खिलाफ केंद्र सरकार की अपील खारिज कर दी। जस्टिस सुवीर सहगल और जस्टिस राजेश गौड़ की खंडपीठ ने केंद्र सरकार को भिवानी निवासी कमलेश को स्वतंत्रता सैनिक सम्मान पेंशन योजना, 1980 के तहत नियमानुसार लाभ देने का निर्देश दिया। मामले के अनुसार, कमलेश के पिता दाताराम भारतीय राष्ट्रीय सेना के सदस्य के रूप में स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए थे। हरियाणा सरकार ने उन्हें स्वतंत्रता सेनानी माना था और 11 अगस्त 1981 को वित्तीय सहायता मंजूर की थी। उनकी मृत्यु के बाद यह सहायता पत्नी छन्नो देवी को मिलने लगी और उनकी मृत्यु तक जारी रही। इसके बाद दाताराम की विधवा बेटी कमलेश ने केंद्र की योजना के तहत आश्रित पेंशन मांगी, लेकिन केंद्र सरकार ने दावा खारिज कर दिया था।

■ हाईकोर्ट ने खारिज की केंद्र सरकार की अपील

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, फतेहाबाद

गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना सदर टोहाना क्षेत्र के गांव नघेड़ा निवासी परमजीत कौर पत्नी सतपाल सिंह दिनांक 25.10.2026 को अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई थीं। परिजनों एवं पुलिस द्वारा लगातार तलाश किए जाने के बावजूद अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

गुमशुदा लडकी का हुलिया निम्नलिखित है:

नामः परमजीत कौर
उम्रः 22 वर्ष
कदः लगभग 5 फीट
रंगः सांवला
चेहराः गोल चेहरा
पहनावाः कुर्ता तथा पैरो में चप्पल पहने हुये थी।

जिस किसी सज्जन को उपरोक्त लडकी के संबंध में कोई सूचना प्राप्त हो, वह कृपया तुरंत नीचे दिए गए संपर्क सूत्रों पर सूचित करें:

संपर्क करें:
थाना सदर टोहाना
मोबाइल नं.: 88140-11711,
प्रबन्धक अफसर थाना सदर टोहाना
अनुसंधान कर्ता - 88105-50330
या नजदीकी पुलिस स्टेशन में जानकारी दें।
आपकी दी गई सूचना गुप्त रखी जाएगी।

पीआरडीएच-1084/11/5578/2027/50828/88/6 दि. 05.11.2026

अकेली महिला भी आईवीएफ की हकदार, पति की उम्र नहीं बाध्यता

चंडीगढ़। संतान की चाह रखने वाली उन महिलाओं के लिए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का एक महत्वपूर्ण फैसला सामने आया है, जिनके पति निर्धारित आयु सीमा पार कर चुके हैं। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि 50 वर्ष से कम उम्र की महिला अपने पति की उम्र 55 वर्ष से अधिक होने के बावजूद इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) सहित सहायक प्रजनन तकनीक (एआरटी) सेवाओं का स्वतंत्र रूप से लाभ उठा सकती है। इसके लिए पति की निर्धारित आयु सीमा के भीतर होना अनिवार्य नहीं है।जस्टिस त्रिभुवन दहिया ने कानून की व्याख्या करते हुए कहा कि सहायक प्रजनन तकनीक (विनियमन) अधिनियम, 2021 के तहत इन सेवाओं का लाभ या तो पति-पत्नी संयुक्त रूप से ले सकते हैं या महिला अपने स्तर पर भी इनका उपयोग कर सकती है। किसी महिला की पात्रता को केवल इसलिए समाप्त नहीं किया जा सकता कि उसके पति ने 55 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा पार कर ली है। अदालत ने स्पष्ट किया कि कानून में महिलाओं के लिए अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष और पुरुषों के लिए 55 वर्ष निर्धारित है। ये दोनों सीमाएं अलग-अलग लागू होती हैं। यदि पति-पत्नी संयुक्त रूप से एआरटी सेवाएं लेना चाहते हैं और उनमें से कोई एक निर्धारित आयु सीमा पार कर चुका है तो दंपती के रूप में उपचार की पात्रता समाप्त हो जाती है।

सार्वजनिक जमीन पर लंबे समय तक कब्जे से मालिकाना हक नहीं

चंडीगढ़। किसी जमीन पर दशकों तक मकान बनाकर रहने और कब्जा बनाए रखने से मालिकाना हक नहीं मिलता, खासकर तब जब जमीन सरकारी या सार्वजनिक संपत्ति हो। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने गुरुग्राम में नगर निगम की जमीन पर लंबे समय से रह रहे लोगों की अपील खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि वैध अधिकार, स्वामित्व या कानूनी अनुमति के बिना सार्वजनिक जमीन पर कब्जा बनाए रखने का दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता। जस्टिस सुवीर सहगल और जस्टिस राजेश गौर की खंडपीठ ने सोदान सिंह व अन्य की अपील खारिज कर दी। अपीलकर्ताओं ने एकल पीठ के छह जुलाई 2026 के फैसले को चुनौती दी थी। एकल पीठ ने उनके खिलाफ बेदखली की कार्रवाई को सही ठहराया था। मामला गुरुग्राम नगर निगम की उस जमीन से जुड़ा है, जिसका कुछ हिस्सा 1976 में नाई समाज के सदस्यों को आवंटित किया गया था। अपीलकर्ताओं का दावा था कि वे 1947 से वहां लगातार काबिज हैं और उन्होंने आवासीय मकान बना रखे हैं। उनका तर्क था कि लंबे समय से शांतिपूर्ण कब्जे के कारण उन्हें बेदखल नहीं किया जा सकता।

आउटसोर्सिंग के नाम पर कर्मचारियों का शोषण नहीं कर सकती सरकार : हाईकोर्ट

चंडीगढ़। सरकारी विभागों में वर्षों से नियमित प्रकृति के काम करने वाले कर्मचारियों को केवल संविदा या आउटसोर्सिंग के नाम पर उनके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता। सरकार लगातार उनकी सेवाएं लेकर स्थायी प्रकृति के कार्य कराती रहे और दूसरी ओर उन्हें अस्थायी कर्मचारी बताकर सेवा लाभ देने से बचती रहे, यह संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने अपने आदेश में यह स्पष्ट करते हुए पहले दिए गए फैसले पर पुनर्विचार की मांग वाली सरकार की याचिकाएं खारिज कर दी हैं।मामला भूपेंद्र सिंह और एक अन्य कर्मचारियों से जुड़ा है। इन मामलों में हाईकोर्ट ने 24 फरवरी 2026 को कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाया था। इसके खिलाफ सरकार की ओर से पुनर्विचार याचिकाएं दायर की गईं। सरकार का तर्क था कि कर्मचारी नियमित सरकारी नियुक्ति के तहत नहीं, बल्कि आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से संविदा पर लगाए गए थे। इसलिए उन्हें नियमित कर्मचारियों के समान लाभ देने के लिए सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2016 के जगजीत सिंह फैसले का सहारा नहीं लिया जा सकता।जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने कहा कि कर्मचारियों से लंबे समय तक नियमित और आवश्यक प्रकृति के काम लिए जाते रहे हैं। ऐसे में केवल नियुक्ति का नाम या आउटसोर्सिंग व्यवस्था उनके सेवा अधिकारों को नकारने का आधार नहीं बन सकती। सरकार एक संवैधानिक नियोक्ता है और उसे संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के तहत निष्पक्ष एवं समान व्यवहार करना होगा।



■ कर्मचारियों को सेवा लाभ देने के फैसले पर पुनर्विचार से किया इनकार

स्क्रीनिंग टेस्ट में आरक्षण का लाभ लेने पर सामान्य वर्ग की सीट का दावा नहीं

चंडीगढ़। सरकारी नौकरी की चयन प्रक्रिया में अंतिम मेरिट सूची में अधिक अंक हासिल करना ही सामान्य वर्ग की सीट पर चयन का अधिकार नहीं देता। यदि आरक्षित वर्ग का अभ्यर्थी शुरुआती चरण में कम कटआफ का लाभ लेकर अगले चरण में पहुंचा हो, तो बाद में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर सामान्य वर्ग की सीट का दावा नहीं कर सकता। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा में असिस्टेंट प्रोफेसर (कालेज कैडर)-इतिहास भर्ती के मामले में यह सिद्धांत स्पष्ट करते हुए आरती की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की पीठ ने कहा कि सामान्य या अनारक्षित वर्ग किसी विशेष समुदाय के लिए आरक्षित कोटा नहीं है। सभी वर्गों के अभ्यर्थी इसमें योग्यता के आधार पर प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं, लेकिन उन्हें चयन प्रक्रिया के हर अनिवार्य चरण में सामान्य वर्ग के समान मानकों पर खरा उतरना होगा। हरियाणा लोक सेवा आयोग ने दो अगस्त 2024 को विभिन्न विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था।

■ असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में अधिक अंक पाने के बावजूद ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थी को नहीं मिली सामान्य वर्ग की सीट याचिका खारिज

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, चरखी दादरी

मुकदमा नंबर 196 दिनांक 04.08.2026 धारा 127 (6) BNS
थाना सदर, जिला चरखी दादरी
सार्वजनिक सूचना / गुमशुदा की तलाश



गुमशुदा की तलाश करने बारे ।
हुलिया – रंग भूरा, उम्र 80 वर्ष, कद 4 फुट 06 इंच, नीले रंग का सूट-सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए, बोलने व सुनने में असमर्थ
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.06.2026 को मुन्नी देवी पत्नी स्व. मीरसिंह निवासी गांव पातुवास, जिला चरखी दादरी घर से बिना बताये कहीं चली गयी जो अभी तक वापस नहीं लौटी । अतः आमजन से निवेदन है कि अगर किसी को इसके बारे में पता चले तो कृप्या तत्काल निम्नलिखित पते/फोन नंबर पर संपर्क करें।

पुलिस प्रवक्ता चरखी दादरी,
कृते पुलिस अधीक्षक, चरखी दादरी

SHO थाना सदर, चरखी दादरी 7419301105
MHC थाना सदर, चरखी दादरी 7419301136
सोमवीर पुत्र मीरसिंह निवासी पातुवास, जिला चरखी दादरी - 9518414897
पीआरडीएच-1084/11/5580/2027/50833/88/6 दि. 05.11.2026

HP COTTON TEXTILE MILLS LTD

H.P. COTTON TEXTILE MILLS LIMITED
(CIN: L18101HR1981PLC012274)
Regd. Office: 15th K.M. Stone, Delhi Road, V.P.O. Mayar, Hisar-125044
Website: www.hpthreads.com **E-mail:** info@hpthreads.com
Tel: +91 11 41540471/72/73, **Fax:** +91 11 49073410

NOTICE
SPECIAL WINDOW FOR TRANSFER AND DEMATERIALISATION (DEMAT) OF PHYSICAL SHARES

Please note that a **Special Window for transfer and dematerialisation (Demat) of physical shares will remain open up to February 04, 2027** as per SEBI Circular No. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 dated January 30, 2026 ("SEBI Circular").

This facility is available to those investors who **had purchased physical shares of H.P. Cotton Textile Mills Limited ("the Company") prior to April 01, 2019,** and:

(a) had not lodged the shares for transfer: or
(b) had lodged the shares for transfer, but the same were rejected, returned, or not attended to due to deficiencies in documentation.

Applicability of the Special Window

For clarity regarding the applicability of this window to transfer the deeds executed before April 1, 2019, investors may refer to the matrix below:

Lodged for transfer before April 01, 2019?	Is the Original Share Certificate available with the Investor?	Whether eligible to lodge in the Special Window?
No, it is fresh lodgement	Yes	Yes (subject to conditions stated in the SEBI Circular)
Yes, but was rejected/ returned earlier	Yes	
Yes, was lodged	No	No
No, was not lodged	No	No

Kindly note that request(s) which are accompanied by original share certificate(s) along with transfer deed(s) and other supporting documents will only be considered under the Special Window.

Investors wishing to avail of this Special Window may contact the Company's Registrar and Transfer Agent, Alankit Assignments Limited (Unit: H.P. Cotton Textile Mills Limited) having their address at Alankit House 4E/2, Jhandewalan Extension, New Delhi-110055, Tel: +91-11-4254 1234; Fax: +91-11-4254 1201; Email: rta@alankit.com.

For H.P. Cotton Textile Mills Limited
Sd/-
Shubham Jain
Company Secretary and Compliance Officer

Place: New Delhi
Date: November 05, 2026

इनेलो के जिला स्तरीय युवा कार्यक्रम 12 से : करण

चंडीगढ़। इनेलो द्वारा प्रदेश में युवाओं को पार्टी के साथ जोड़ने, संगठन को मजबूत करने और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से इनेलो युवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय प्रभारी करण चौटाला की अगुवाई में प्रदेशभर में किए जाएंगे युवा जिला स्तरीय कार्यक्रम। इन कार्यक्रमों का आयोजन 12 नवंबर से 19 नवंबर तक प्रदेश के सभी जिलों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। पार्टी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 12 नवंबर को पंचकूला, अंबाला और यमुनानगर में युवा जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। 13 नवंबर को कुरुक्षेत्र, करनाल और पानीपत में, 14 नवंबर को सोनीपत, रोहतक और झज्जर में तथा 15 नवंबर को फरीदाबाद, पलवल और नूंह में कार्यक्रम होंगे। इसी कड़ी में 16 नवंबर को गुरुग्राम, रेवाड़ी और नारनौल में, 17 नवंबर को भिवानी, चरखी दादरी और हांसी में जुटेंगे।

सवालों का जवाब दिए बिना चले गए अमित शाह : संजय दत्त

चंडीगढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हरियाणा दौरे पर कांग्रेस ने तीखा हमला बोला है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के हरियाणा प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि अमित शाह करनाल और अंबाला में राजनीतिक भाषण देकर लौट गए, लेकिन कांग्रेस की ओर से उठाए गए 8 अहम सवालों का एक भी बिंदुवार जवाब नहीं दिया। दोनों नेताओं ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी पर व्यक्तिगत हमले करने, 1984 और बोफोर्स का मुद्दा उठाने तथा घुसपैठियों के नाम पर राजनीतिक बयानबाजी करने से जनता के असली सवालों से बचा नहीं जा सकता। कांग्रेस नेताओं ने हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में कथित वोट चोरी, संदिग्ध मतदाता प्रविष्टियों और एक जैसी तस्वीरों के आरोपों की स्वतंत्र जांच की मांग की। साथ ही चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए।

डिमांड नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(टों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(रों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(रों) को एक बार फिर एतद् द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(रों) का विवरण, **डिमांड नोटिस की तिथि** के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) के नाम	डिमांड नोटिस तिथि और राशि	प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन
श्री सतपाल श्रीमती कृष्णा देवी सतपाल (**प्रोस्पेक्ट नं. IL10502890**)	**08-अक्टू-2026,** रु. **783583.72/-** (रुपये सात लाख तेरासी हजार पांच सौ तेरासी और बहत्तर पैसे केवल)	अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- एम.सी. सीमा के अंदर, तहसील व जिला जींद, हरियाणा-126102 में भगत सिंह कॉलोनी, कोर्ट के पीछे, जींद में स्थित खेवट नं. 383, खाता नं. 509, मुरब्बा नं. 229, किल्ला नं. 25/2 (5-12), मुरब्बा नं. 251, किल्ला नं. 5 (5-10) वाली सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1089
श्री जरनैल सिंह श्रीमती अमरजीत कौर श्रीमती गुरजीत कौर (**प्रोस्पेक्ट नं. IL10456604**)	**08-अक्टू-2026,** रु. **803742/-** (रुपये आठ लाख तीन हजार सात सौ बयालीस केवल)	अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- गांव बिजापुर, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136118 में स्थित प्लॉट/मकान सम्पत्ति आईडी नं. 58345EJDM0000R0095A, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1210
श्री भूपेन्द्र श्रीमती ममता देवी दि बीबीपुर दोस्त मिल्क डेयरी (**प्रोस्पेक्ट नं. IL10710754**)	**08-अक्टू-2026,** रु. **1018869.52/-** (रुपये दस लाख अठारह हजार आठ सौ उनहत्तर और बावन पैसे केवल)	अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- गांव बीबीपुर, तहसील व जिला जींद, हरियाणा-126115 में स्थित यूआईडी नं. 60122NBMM1S00R0390A, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1192
श्री सतबीर सिंह श्रीमती सरोज देवी सतबीर पेंट कॉन्ट्रैक्टर (**प्रोस्पेक्ट नं. IL10974376**)	**08-अक्टू-2026,** रु. **1611981.15/-** (रुपये सोलह लाख ग्यारह



हरिभूमि

रोहतक, शुक्रवार 6 नवंबर 2026

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





हिरासत के बाद 24 घंटे में पेशी जरूरी नहीं तो रिहा करना होगा : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को हिरासत के बाद कोर्ट में पेश करने की 24 घंटे की समय सीमा को साफ किया। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने की 24 घंटे की समयसीमा उसे हिरासत में लेते ही शुरू हो जाएगी। यह समय औपचारिक गिरफ्तारी दर्ज होने के समय से नहीं गिना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा-जांच एजेंसियां किसी व्यक्ति को पहले हिरासत में लेकर बाद में उसकी गिरफ्तारी दर्ज करने का रास्ता नहीं अपना सकतीं। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला गिरफ्तार त्रिपुरा के चार लोगों की याचिका से जुड़ा है। इनका आरोप है कि हिरासत में लेने और गिरफ्तारी दर्ज करने के बीच करीब 21 घंटे का अंतर था। मामले की सुनवाई जस्टिस उज्जवल भुइयां और जस्टिस अतुल एस. चंद्रकुर की बेंच में हुई।



त्रिपुरा हाईकोर्ट ने आरोपियों की याचिका की थी खारिज

मामला त्रिपुरा में 11.03 किलो याबा टैबलेट की जब्ती से जुड़ा है। 29 सितंबर 2025 को दोपहर 2 बजे तलाशी और जब्ती की कार्रवाई के दौरान चारों लोगों को हिरासत में लिया गया, लेकिन पुलिस ने उनकी औपचारिक गिरफ्तारी अगले दिन यानी 30 सितंबर को सुबह 11 बजे दर्ज की। मतलब हिरासत में लेने और गिरफ्तारी दर्ज करने के बीच करीब 21 घंटे का अंतर था। आरोपियों का कहना था कि उन्हें हिरासत में लेने के 24 घंटे के अंदर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाना चाहिए था। मामला त्रिपुरा हाईकोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। इसके बाद आरोपियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई।

यूजीसी के विवादित नियमों की समीक्षा के लिए कमेटी बनाएगी केंद्र सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह 'यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना) रेगुलेशंस, 2026' की समीक्षा के लिए एक समिति बनाने पर विचार कर रही है। कोर्ट ने इस साल की शुरुआत में इन नियमों पर रोक लगा दी थी।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ को बताया, 'सरकार इस मामले की जांच कर रही है ताकि छात्रों की चिंताओं का समाधान हो सके और कोई भी वर्ग असंतुष्ट या आशंकित महसूस न करे। मुख्य न्यायाधीश ने हर छात्र के हितों की



सूर्यकांत बोले, हर छात्र के हितों की रक्षा जरूरी
किसी भी वर्ग में असंतोष या आशंका नहीं होनी चाहिए

रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कोर्ट ने याचिकाओं की इस सुनवाई को चार सप्ताह के लिए टाल दिया है। यह मामला 'अबेदा सलीम तडवी बनाम भारत संघ' और इससे जुड़े अन्य मामलों से संबंधित है। 2019 में यह याचिका रोहित वेमुला और पायल तडवी की माताओं ने दायर की थी। इन दोनों छात्रों ने कैंपस में जातिगत भेदभाव का सामना करने के बाद आत्महत्या कर ली थी।

जंतर-मंतर हिंसा मामले में मिलीं कम शिकायतें

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को हुए छात्र प्रदर्शन के दौरान हिंसा और पुलिस की ज्यादती की जांच कर रही कमेटी को अब तक बहुत कम शिकायतें मिली हैं। पर्याप्त सामग्री नहीं होने के कारण कमेटी फिलहाल किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है। पूर्व जज जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी की अध्यक्षता वाली हाई पावर्ड इन्क्वायरी कमेटी ने कोर्ट को बताया कि शिकायतों के लिए पोर्टल और ईमेल की व्यवस्था करने के बावजूद लोगों ने बहुत कम शिकायतें दर्ज कराईं। 29 अक्टूबर को कमेटी की बैठक में सिर्फ एक शिकायतकर्ता हलफनामे के साथ पहुंचा था। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को पीड़ितों की ओर से दाखिल वीडियो, याचिकाएं और हलफनामे कमेटी को भेजने की अनुमति दी। साथ ही निर्देश दिया कि कमेटी संबंधित पक्षों से जवाब लेकर नियमित अंतराल पर अंतरिम रिपोर्ट पेश करे।

सरकारी ताकत इस्तेमाल कर परिवार को अमीर बनाने का आरोप

ट्रंप के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी में विपक्ष

वॉशिंगटन डीसी। मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की हार के बाद अब राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके जरिए उन्हें पद से हटाया जा सकता है। डेमोक्रेट्स आरोप लगा रहे हैं कि ट्रंप ने अपने पद का इस्तेमाल कर अपने करीबियों को फायदा पहुंचाया और संपत्ति जुटाई। इससे आम लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। डेमोक्रेटिक



सांसद रॉबर्ट गार्सिया ने कहा है कि वे यह पता लगाएंगे राष्ट्रपति रहते हुए ट्रंप और उनके परिवार की संपत्ति कैसे बढ़ी। उनका फोकस ट्रंप के बेटों और दामाद जेरेड कुशनर के कारोबारी सौदों पर है। गार्सिया ने जांच के लिए पांच मुद्दे तय किए हैं। इनमें ट्रंप परिवार के कारोबारी सौदे, जेफ्री एपस्टीन मामले की जांच में ट्रंप प्रशासन की भूमिका शामिल हैं। *(पेज 8 भी देखें)*

इजराइल में आइजनकोट के पीएम बनने का रास्ता साफ

तेल अवीव। इजराइल में पूर्व सेना प्रमुख और विपक्षी नेता गाबी आइजेनकोट के प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। राष्ट्रपति इसाक हर्जोग के साथ दो दिन की बातचीत के बाद 11 सांसदों वाली अरब पार्टियों की जाइंट लिस्ट ने उन्हें सरकार के बाहर से समर्थन दिया है। इससे उनके पास 67 सांसदों का समर्थन हासिल हो गया है, जो बहुमत से 6 ज्यादा है। वहीं, नेतन्याहू के समर्थन में सिर्फ 46 सांसद रह गए हैं।

सरकार बदल सकती है नियम

यूजर्स की पोस्ट के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जिम्मेदार होंगे

नई दिल्ली। केंद्र सरकार फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को मिलने वाली कानूनी सुरक्षा खत्म करने पर विचार कर रही है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, आईटी मंत्रालय ने सोशल मीडिया नियमों में बदलाव पर चर्चा शुरू की है। इसके तहत यूजर्स की पोस्ट, वीडियो और कमेंट के लिए प्लेटफॉर्म्स को भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। अभी आईटी एक्ट की धारा 79 के तहत इन कंपनियों को 'सेफ हार्बर' सुरक्षा मिलती है। इसके तहत यूजर्स की पोस्ट और कमेंट के लिए कंपनियों को सीधे जिम्मेदार नहीं माना जाता। सरकार इस सुरक्षा को सोशल मीडिया कंपनियों से हटाकर इंटरनेट, टेलीकॉम और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स तक सीमित करने पर विचार कर रही है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, इस सुरक्षा ने मेटा, गूगल और एक्स जैसी कंपनियों को यूजर-जनरेटेड कंटेंट पर बड़े कारोबार खड़े करने में मदद की है। उन्हें हर पोस्ट, वीडियो या कमेंट की कानूनी जिम्मेदारी नहीं उठानी पड़ती। सरकार के एक वर्ग का मानना है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अब सिर्फ जानकारी पहुंचाने वाले माध्यम नहीं हैं।

फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स की कानूनी सुरक्षा हटाने की तैयारी

फ्रांस में सरकारी ब्लड बैंक का कूलिंग सिस्टम हैक

पेरिस (एजेंसी)। फ्रांस में हैकर्स ने एक नवंबर की रात ब्लड बैंक के कोल्ड स्टोरेज सिस्टम पर हमला किया। हमलावरों ने फ्रीजर का तापमान माइनस 30 डिग्री सेल्सियस से बढ़ाकर 110 डिग्री सेल्सियस तक करने की कोशिश की। हालांकि, अलार्म सिस्टम ने समय रहते गड़बड़ी पकड़ ली। इससे खून और प्लाज्मा के नमूनों को कोई नुकसान नहीं हुआ। फ्रांस के साप्ताहिक अखबार 'ले कनार आंचेने' ने बुधवार को सबसे पहले इस साइबर हमले की खबर दी थी। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक ब्लड स्टोरेज सिस्टम में प्रवेश के लिए डिफॉल्ट पासवर्ड का इस्तेमाल किया गया था। फ्रांस के ब्लड बैंक का संचालन करने वाली संस्था फ्रेंच ब्लड एस्टैब्लिशमेंट (ईएफएस) के मुताबिक फ्रीजर में रखे प्लाज्मा को सुरक्षित दूसरी जगह भेज दिया गया है।

- खून को 110 डिग्री तक बढ़ाने की साजिश

यूपीएससी मेन्स 2026 का परिणाम जारी, 2526 इंटरव्यू के लिए चयनित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने गुरुवार को सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2026 के नतीजे घोषित कर दिए। जो भी उम्मीदवार यूपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2026 में बैठे थे वे अब बिना किसी देरी के आयोग की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। इस साल यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2026 के इस सबसे मुश्किल पड़ाव को 2526 उम्मीदवारों ने पार कर लिया है। इन सभी सफल उम्मीदवारों को अब परीक्षा के आखिरी और सबसे अहम चरण यानी पर्सनालिटी टेस्ट (इंटरव्यू) के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। आपको बता दें कि यूपीएससी सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा इस साल 21 अगस्त से 30 अगस्त 2026 के बीच आयोजित की गई थी। प्रारंभिक परीक्षा (प्री) पास करने के बाद कुल 13343 उम्मीदवारों ने मेन्स परीक्षा देने के लिए अपनी किस्मत और मेहनत को आजमाया था। इनमें से छंटनी के बाद अब 2526 लोग अपने आईएएस, आईपीएस या आईएफएस बनने के सपने के बेहद करीब पहुंच चुके हैं।

- 13343 उम्मीदवारों ने दी थी परीक्षा
- ऑफिशियल वेबसाइट पर देख सकते हैं रिजल्ट

यूरोप में 15 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

रोम। यूरोप में गुरुवार को 15 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें फिनलैंड, इटली, फ्रांस, चेक गणराज्य और बुल्गारिया के विमान शामिल हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने कई विमानों का रास्ता बदलवाया, जबकि फ्रांस ने डबलिन से रोम जा रही फ्लाइट की सुरक्षा के लिए फाइटर जेट भेजे। विमान को फ्रांस के एवू सैन्य एयरबेस पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसमें 151 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। अब तक किसी भी विमान में विस्फोटक नहीं मिला है। इस हफ्ते यूरोप में विमानों को धमकियां मिलने की यह तीसरी बड़ी घटना है। इससे पहले मंगलवार को भी करीब 10 विमानों को ऐसी धमकियां मिली थीं।

रोनाल्डो ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास

लिस्बन। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। 41 साल के रोनाल्डो ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवंबर के इंटरनेशनल ब्रेक के बाद वह पुर्तगाल की नंबर-7 जर्सी टीम को लौटा देंगे। रोनाल्डो का सफर 20 अगस्त 2003 को कजाकिस्तान के खिलाफ शुरू हुआ था। तब वह सिर्फ 18 साल के थे। अगले 23 साल में उन्होंने पुर्तगाल के लिए 234 मैच खेले और सबसे ज्यादा 146 गोल किए। *(विस्तृत खेल पेज पर)*



दिल्ली : 3 मंजिला निर्माणाधीन बिल्डिंग गिरी, 2 लोगों की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में गुरुवार सुबह तीन मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढह गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, करीब 15 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। अधिकारियों के मुताबिक, घटना सुबह 9:50 बजे चावड़ी बाजार मेट्रो स्टेशन के पास गली सत्तारा में हुई। सूचना मिलने के बाद दमकल की 6 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। एनडीआरएफ, दिल्ली पुलिस और एमसीडी की टीमें भी रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन में जुटी हैं।


- 4 घायल, कई लोगों के दबे होने की आशंका



धनतेरस से पहले बाजार गुलजार, गहनों के दामों में भी तेजी

सेंसेक्स 2009 और निफ्टी में 576 अंक का उछाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। धनतेरस से एक दिन पहले गुरुवार 5 नवंबर को सेंसेक्स 2009 अंक या 2.60% चढ़कर 79,310 पर बंद हुआ। इसे तेजी से निवेशकों की दौलत 8 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ गई। निफ्टी में भी 576 अंक या 2.40% की तेजी रही, ये 24,537 के स्तर पर बंद हुआ है। निफ्टी ने 4 सितंबर के बाद पहली बार 24 हजार का आंकड़ा पार किया। ये इस साल की सेंसेक्स की दूसरी बड़ी बढ़त है। 8 अप्रैल को सेंसेक्स 2,946 अंक चढ़ा था। यानी करीब सेंसेक्स में 7 महीने बाद इतनी बड़ी



- साल की दूसरी सबसे बड़ी बढ़त
- निवेशकों की दौलत 8 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ी

तेजी आई है। मिडटर्म चुनाव में ट्रंप की पार्टी दोनों सदनों में हार गई। इससे ईरान जंग रुकने की उम्मीद बढ़ी है। जंग थमने पर कारोबार आसान होगा। इसलिए लोग बाजार में लौटे। नतीजों के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में भी अच्छी तेजी रही।

सोना 2328 रुपये महंगा चांदी भी 1749 रुपये चढ़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। धनतेरस से एक दिन पहले सोना-चांदी दोनों महंगे हो गए है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,328 रुपये चढ़कर करीब 1.44 लाख रुपये पर पहुंच गया। इससे पहले 4 नवंबर को यह 1.42 लाख रुपये पर था। एक किलो चांदी 1,749 रुपये चढ़कर 1.88 लाख रुपये पर हो गई है, जो बुधवार को 1.86 लाख रुपये पर थी। सोने की कीमत नवंबर में लगातार 4 दिन से बढ़ रही है और यह 6,426 हो गया है, वहीं, चांदी



- सोना 1.44 लाख प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा
- चांदी 1.88 लाख प्रति किलो पर बिक रही

की कीमत 7,910 बढ़ी है। 2 नवंबर को 10 ग्राम सोना 1.38 लाख रुपये और 1 किलो चांदी 1.80 लाख रुपये पर थी। त्योहारों पर सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है। इससे बाजारों में गहनों की मांग बढ़ जाती है और लोग खरीदारी करते हैं।

खबर संक्षेप

मछलियों को आटा डालने गए व्यक्ति का पैर फिसला, डूबने से मौत

नांगल चौधरी। शहर के अगड़बंब जोहड़ में मछलियों को आटा डालने गए व्यक्ति का पैर फिसल गया। हादसे में 50 वर्षीय रामकुमार पुत्र महावीर डूब गया। सूचना पाकर वार्ड वासी घटना स्थल पहुंचे तथा पीड़ित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। फेफड़ों में पानी भरने के कारण उपचार से पहले ही वह दम तोड़ चुका था। शहरवासियों ने बताया कि बीते महीने पूर्व सरपंच भी मछलियों को आटा डालते समय जोहड़ में गिर गया था, जिसकी मौत हुई थी। जानलेवा हादसों के बावजूद जोहड़ पर सुरक्षा के प्रबंध नहीं है, जिससे लोगों को जोहड़ में गिरने का खतरा बना रहता है। शहरवासियों ने बताया कि जोहड़ के चारों तरफ मजबूत जाली लगाने, चेतावनी बोर्ड लगाने और सुरक्षित रास्ते बनाने की मांग उठाई थी। इस संबंध में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया था।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

भिवानी और जींद में रिश्वतखोरी के मामलों में कसा शिकंजा

राशन डिपो का लाइसेंस देने को एक लाख रुपये लेते एएफएसओ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी अधिकारी पर राशन डिपो का लाइसेंस जारी करने के बदले डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, एसीबी की कार्रवाई में भिवानी में तैनात सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी मुकेश कुमार गिरफ्तार हुआ है। आरोप है कि अधिकारी ने सुमन पत्नी कृष्ण के नाम पर राशन डिपो का लाइसेंस जारी करने की एवज में शिकायतकर्ता से डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

शिकायत के मुताबिक, आरोपी पहले ही 20 हजार रुपये रिश्वत के तौर पर ले चुका था। इसके बाद शिकायतकर्ता ने एसीबी से संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी दी।



भिवानी में तैनात सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी मुकेश पहले ही ले चुका था 20 हजार रुपये

काम पूरा होने के बाद और 30 हजार रुपये देने थे

शिकायत की पुष्टि के बाद एसीबी भिवानी की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप लगाया। कार्रवाई के दौरान आरोपी मुकेश कुमार को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। रिश्वत की बाकी 30 हजार रुपये की रकम लाइसेंस संबंधी काम पूरा होने के बाद देने की बात तय हुई थी।

बिल पास करने को पब्लिक हेल्थ विभाग का एसडीसी 15 हजार रुपये रिश्वत लेते काबू

जींद। 15 लाख रुपये का बिल पास करने की एवज में 15 हजार रुपये रिश्वत लेते एंटी करप्शन ब्यूरो टीम ने पब्लिक हेल्थ विभाग के एसडीसी को काबू किया है। इस मामले में एचकेआरएन के ग्रुप डी कर्मी का नाम भी सामने आया है, जिसने रुपये लेकर एसडीसी को दिए। गांव रामगढ़ निवासी प्रदीप कुमार ने एंटी करप्शन ब्यूरो को दी शिकायत में बताया कि वह पब्लिक हेल्थ में ठेकेदारी का काम करता है। पिछले दो साल से डिवीजन नंबर दो में नौ लाख व डिवीजन नंबर एक में छह लाख रुपये बकाया थे। बिलों के भुगतान के लिए वो एसडीसी धर्मवीर से मिला और उसने 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की, जिसकी उसने रिकॉर्डिंग भी कर ली। एंटी करप्शन ब्यूरो टीम ने शिकायतकर्ता को 500-500 रुपये के 30 नोट दिए। एनीमल हस्बैंडरी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. सूर्या को इयूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नियुक्त किया गया। ट्रैप लगा कर एसडीसी धर्मवीर को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।



डीजल घोटाले में नकली विजिलेंस अधिकारी बनकर सीएमओ को धमकाने पहुंचा

फरीदाबाद। बीके अस्पताल में करीब 50 लाख रुपये के कथित डीजल घोटाले की जांच के नाम पर एक व्यक्ति आया और खुद को विजिलेंस अधिकारी बताकर स्टाफ को धमकाने लगा। उसने सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा को धमकाते हुए कहा कि मुझे राष्ट्रपति भवन से नियुक्त किया गया है। मैं घोटाले की जांच के लिए आया हूं। तेरी नौकरी खा जाऊंगा। नौकरी से हटवाने तक की धमकी दे दी। शक होने पर सीएमओ ने पुलिस बुला ली। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर निवासी राजिंदर सिंह के रूप में हुई है। सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा के मुताबिक, आरोपी उनके कार्यालय पहुंचा था। उसने खुद को विजिलेंस अधिकारी बताया और अस्पताल के अधिकारियों व कर्मचारियों पर रौब झाड़ने लगा। आरोपी के व्यवहार और बातचीत के तरीके से सीएमओ को उसकी पहचान पर संदेह हुआ। इसके बाद उन्होंने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़कर एनआईटी नंबर-3 चौकी ले गई। हालांकि, उसने किस कारण ये सब किया इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है।

13200 प्रतिबंधित गोलियां बरामद

सिरसा। गांव खैरेकां के पास नेशनल हाइवे पर एक युवक सुखजीत सिंह को 13 हजार 200 प्रतिबंधित गोलियों के साथ गिरफ्तार किया गया है। थाना सदर सिरसा में मामला दर्ज किया गया है। बरामद प्रतिबंधित गोलियों को ड्रग्स विभाग के हवाले कर दिया गया है। आरोपी गोलियां कहां से लेकर आया, इसकी जांच चल रही है।

बातचीत के बहाने पार्क में बुलाया डंडे से पीट-पीटकर युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

सेक्टर-12 स्थित झुग्गियों के पास पार्क में 4 नवंबर की रात एक युवक की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि युवक को बातचीत के बहाने पार्क के एक कोने में ले जाकर उसके सिर पर डंडे से कई वार किए। शोर सुनकर युवक की बहन और अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। 19 वर्षीय आरती ने बताया कि वह बिहार के समस्तीपुर की रहने वाली है और फिलहाल परिवार के साथ सेक्टर-12 की झुग्गियों में रहती है। 4 नवंबर की रात करीब 1:30 बजे डोन उससे बातचीत करने लगा। इसके बाद वह राहुल को सेक्टर-12 के पार्क के एक कोने में ले गया। वहां दोनों के बीच बातचीत हुई और कुछ देर बाद डोन ने राहुल के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके साथ रूपम और मेहर मौजूद थे।



ससुराल में दामाद ने ससुर व पत्नी को मारे चाकू, गिरफ्तार

फरीदाबाद। भारत कॉलोनी क्षेत्र में ससुराल पहुंचकर ससुर व पत्नी पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान इमरान निवासी भारत कॉलोनी के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता इन्शाद अली ने शिकायत में बताया कि उसकी बेटी की शादी इमरान के साथ हुई थी। पिछले करीब 5 वर्षों से आरोपी उसकी बेटी को परेशान कर रहा था। 3 नवंबर को आरोपी उसके घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने चाकू से उस पर व अपनी पत्नी पर हमला कर दिया।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPc/84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अरुण उर्फ जशवंत पुत्र सुभाष निवासी ग्राम लिथाना, थाना लाखन माजरा, जिला रोहतक, हरियाणा** ने **FIR No. 217/2025 U/S 304(2)/309(4)/317(2) BNS, अन्तर्गत थाना कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरुण उर्फ जशवंत** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरुण उर्फ जशवंत** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 217/2025 U/S 304(2)/309(4)/317(2) BNS, अन्तर्गत थाना कोतवाली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अरुण उर्फ जशवंत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री सायेशा चड्ढा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08
केंद्रीय जिला, कमरा नं. 272
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/15801/N/2026(Court Matter)

नशा तस्करी में चार नाइजीरियन व एक थाई नागरिक गिरफ्तार

फरीदाबाद। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की फरीदाबाद व गुरुग्राम यूनिट की टीमों ने कार्रवाई करते हुए अक्टूबर माह में 5 विदेशी नशा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने 4 नाइजीरियन नागरिकों सहित 1 थाई नागरिक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 54.76 ग्राम एमडीएमए तथा 8.90 ग्राम कोकीन बरामद की है। गिरफ्तार विदेशी नागरिकों को उनके देश में डिपोर्ट करवाने के लिए नियमानुसार आवश्यक प्रक्रिया की जा रही है। इसके साथ ही नशा तस्करी के अवैध कारोबार से अर्जित की गई संपत्ति की पहचान कर उसे कुर्क करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के डीआईजी राजेंद्र कुमार मीणा, आईपीएस के निर्देशन में गुरुग्राम, फरीदाबाद एवं रेवाड़ी रेंज द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

माइंस में डंपर खाई में गिरा चालक की मौत पर हंगामा



नांगल चौधरी। बखरीजा में संचालित माइंस में एक डंपर गिर गया, जिसके नीचे दबने से गांव रूप सराय निवासी करीब 40 वर्षीय चालक भगराम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर सैकड़ों चालक मौके पर पहुंच गए तथा वारदात की जांच करने की मांग की। डंपर चालकों ने खान में आने-जाने के लिए बनाए गए रास्ते की बदहाल स्थिति पर सवाल उठाए। उनका आरोप था कि पहाड़ को जेसीबी से काटकर रास्ता बनाया गया है, जो डंपरों के आवागमन के लिए बेहद जोखिम भरा है। शिकायत मिलने पर डीएसपी भारत भूषण मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच करके सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिस पर वे शांत हुए।

राशिफल

मेष वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

वृष आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

सिंह आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

तुला आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

धनु व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

मकर मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

कुंभ स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

मीन शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप स्वास्थ्य केन्द्र झुण्डपुर के पुराने भवन को जैसा है, जहाँ है के आधार पर दिनांक 11-11-2026 को सुबह 11 बजे उप-स्वास्थ्य केन्द्र झुण्डपुर के पुराने भवन मे नीलामी होगी। इच्छुक व्यक्ति जो भी बोली देना चाहे मौके पर आकर बोली दे सकता है। बोली देने से पहले इच्छुक बोलीदाता को 5000 रू की धरोहर राशि डिमांड ड्राफ्ट द्वारा जोकि स्वास्थ्य कल्याण समिति, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़खालसा को देय हो दिनांक 11-11-2026 को सुबह 10 बजे तक वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बढ़खालसा को जमा करवानी होगी। बाकी विस्तृत शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/-वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी
अमर बलिदान दादा कुशाल सिंह दहिया
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
बढ़खालसा, सोनीपत।
मो. नं. 9355522159

सार्वजनिक नोटिस

राज्य स्तरीय पुरस्कार वर्ष 2026-2027

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी विज्ञापन संख्या Advertisement Code SAMVAD:-1128/11/714/2027/49981 दिनांक 07.10.2026 के माध्यम से **"राज्य स्तरीय पुरस्कार वर्ष 2026-2027"** योजना हेतु पात्र आवेदकों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन भरने की अंतिम तिथि 05.11.2026 निर्धारित की गई थी।

आवेदको की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त विज्ञापन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में वृद्धि की जाती है।

अतः इच्छुक एवं पात्र आवेदक अब दिनांक 05.12.2026 तक अपना ऑनलाईन माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। विज्ञापन की अन्य सभी शर्तें एवं नियम पूर्ववत रहेंगे।

हस्ता/-संयुक्त निदेशक
महिला एवं बाल विकास विभाग
हरियाणा, पंचकुला।
पीआरडीएच-1128/11/736/2027/50815/88/6 दि. 05.11.26

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), **पूर्व रेलवे, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.- झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल)** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-482, कार्य का नाम :** "अमृत भारत स्कीम के तहत सबौर, कहलगांव, बांका और गोड्डा स्टेशनों (एईएन/भागलपुर) के सॉफ्ट अपग्रेडेशन के लिए पीएच-I के शेष कार्य" के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 2,38,37,934.32, **बयाना राशि:** रु. 4,76,800/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 16.11.2026 से 30.11.2026 को 15.30 बजे तक। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : वेबसाइट:-**www.ireps.gov.in** और सूचना पट:-**वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय।** निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-236/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी	एचटीईटी परीक्षा-2026 (भिवानी) हेतु वाहन किराये पर लेना।	05.11.2026 12.11.2026	रु. 5,00,000/- और रु.10,000/-	http://www.tseh.org.in	8053008826 asco@bseh.org.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/40/50838/I/88/6 दि. 05.11.26

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी-133001 द्वारा समरणकार्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रणाली के अंतर्गत भण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई-निविदा सं.	विवरण	मात्रा	निविदा खुलने की तिथि एवं समय	बयाना राशि (₹)
98265823	1.5 टन क्षमता वाले विंडो टाइप एयर कंडीशनर की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग। यह 230V AC सप्लाई (50 Hz) पर काम करेगा और इसका ISEER मान कम से कम 3.7 होना चाहिए। इसमें रोटरी कंप्रेसर, नॉन-CFC रेफ्रिजरेंट और कॉपर कॉइल का इस्तेमाल होगा। यह 5 स्टार रेटिंग वाला होना चाहिए। इसमें पूरी मशीन पर कम से कम 1 साल की वारंटी, PCB पर कम से कम 5 साल की वारंटी और कंप्रेसर पर 10 साल की वारंटी होनी चाहिए।	143 Nos	07.12.2026 at 11:00 hrs	₹ 169770/-
	1.5 टन विंडो टाइप AC का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (Comprehensive Annual Maintenance Contract)	5 साल		

1) विक्रेता विवरण के लिए IREPS website i.e. **www.ireps.gov.in** पर जा सकते है।
2) किसी भी मैन्युअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा सं. 98265823 दिनांक 05.11.26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3883/2026

उद्यान विभाग, हरियाणा

पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) 124105
ई-मेल: Coemunimpur@gmail.com

फूल व सब्जियों की तैयार पौध पैक करने के लिए Corrugated boxes की खरीद हेतु मोहरबंद कुटेशन आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर हाईटैक ग्रीनहाउस में फूल व सब्जियों की तैयार पौध पैक करने के लिए Corrugated Boxes की खरीद की जानी है जिसके लिए केन्द्र पर खुले बाजार से मोहरबंद कुटेशन आमंत्रित की जाती है।
खरीदे जाने वाले सामान का विवरण निम्न प्रकार से है :-

Sr. No.	Item Name	Unit	Specification	Approx. Quantity	Amount in rupees per Nos.(including all taxes)
01	Corrugated Boxes	Nos.	3-ply corrugated box of size 19x15x8 inches, with 180 GSM Kraft paper (22 BF) for the outer layer, 140 GSM Semi-Kraft paper (18 BF) for the inner layer, broad fluting, two colour printing with dye writing, brushing strength of 7.5 kg/cm2 and a minimum box weight of 550 grams.	2500	

1. इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन अपनी फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 12.11.2026 तक सांय 04:00 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/पोस्ट / कुरियर के माध्यम से जमा करवा सकते है।
2. कुटेशनों का आकलन कमेटी द्वारा किया जाएगा। अतः सबसे कम कुल कीमत वाली कुटेशन को स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशनों को स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केंद्र की आंकलन कमेटी के पास होंगे।
3. Corrugated Boxes को निम्नहस्ताक्षरी कार्यालय तक पहुँचाना होगा।
4. Corrugated Boxes की मात्रा आवश्यकतानुसार कम या अधिक हो सकती है।
5. इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए डॉ. सुरेश चंद (Mob no.9671627548) पर संपर्क कर सकते है।

हस्ता/-परियोजना अधिकारी कम विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।
पीआरडीएच-1149/11/1274/2027/50826/88/6 दि. 05.11.2026

उत्तर रेलवे


ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई-नीलामी रेलवे वेब साइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

क्र सं.	नीलामी कैटलॉग सं.	कार्य का विवरण	नीलामी तिथि व समय
1	UMB-Mix-49-2026	बठिंडा रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार (2nd Entry) के पास, GRP क्वार्टर के निकट 1894.20 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग स्थल। (साइट प्लान के अनुसार)	16.11.2026 12:00
		सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर सैलून साइडिंग के पास मालगोदाम रोड पर कुल 949 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार)	
		अंबाला डिवीजन के अंतर्गत सरहिंद रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार पर 210 वर्ग मीटर का पार्किंग स्थल है, जो दो-पहिया, तीन-पहिया और चार-पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए निर्धारित है।	
		मुस्तफाबाद रेलवे स्टेशन पर कुल 500 वर्ग मीटर क्षेत्र में व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार)	
2	UMB-Mix-50-2026	साइट प्लान के अनुसार, स्टेशन बिल्डिंग के पास सर्कुलेटिंग एरिया में 507 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग स्थल, और रामपुरा फूल (PUL) रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार (2nd Entry) पर 386.82 वर्ग मीटर कुल क्षेत्रफल वाला दो-पहिया वाहनों के लिए एक पार्किंग स्थल है।	18.11.2026 12:00

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3874/26

शब्द पहेली - 6400




बाएँ से दाएँ
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

ऊपर से नीचे
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

शब्द पहेली- 6399 का हल

	व	र	दा	न		म	क	स	द	
म			न		अ		ल			नि
न		व्य	व	हा	र	कु	श	ल		य
मा	न	व			दा			कि	म	त
नी		था		आ	स	न		र	न	
	र		हा	रा		ह	त्या		का	
	क	वि		म	क	र		क		रा
ह	म	ला			ल			म	वे	शी
वे		प	र	व	र	दि	गा	र		फ
ली			स		व		य			ल
	र	ह	म	त		घ	ब	रा	ना	



खबर संक्षेप

पवार के सीने में संक्रमण का हो रहा इलाज

मुंबई। राकांपा (शप) के प्रमुख शरद पवार का यहां एक अस्पताल में सीने में संक्रमण को लेकर इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है। एक चिकित्सक ने यह जानकारी दी। पवार (85) को बुधवार को यहां ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके कुछ घंटे पहले उन्हें पुणे के एक मल्टी-स्पेशलियटी स्वास्थ्य केंद्र से छुट्टी मिली थी चूंकि उनके और कुछ परीक्षण कराए जाने थे।



जमानत के लिए उमर व इमाम सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

नई दिल्ली। दिल्ली दंगा मामले के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। दोनों आरोपियों ने अपनी-अपनी जमानत याचिकाएं दाखिल कर दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। गौरतलब है कि 30 सितंबर को दिल्ली हाईकोर्ट ने उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थी। अब दोनों ने राहत की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील दाखिल की है।

रिजिजू ने राहुल गांधी को दी नसीहतें

मोदी से नफरत छोड़ें भाजपा दुश्मन नहीं

- राहुल चार बार पीएम को बहस की चुनौती दे चुके
- केंद्रीय मंत्री ने संसद का पुराना वीडियो शेयर किया

रिजिजू ने संसद से विपक्षी सांसदों के वॉकआउट का वीडियो शेयर कर राहुल गांधी पर निशाना साधा। जो लोग लोकतंत्र, बहस और चर्चा में विश्वास नहीं रखते, वे ही अब बहस की बात कर रहे हैं।



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को राहुल गांधी को सात सुझाव दिए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि अगर राहुल इन बातों पर अमल करें तो कांग्रेस संसद में ज्यादा सीटें जीत सकती है। रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी को भाजपा को दुश्मन नहीं, राजनीतिक विरोधी समझना चाहिए। उन्हें भाजपा, आरएसएस और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति नफरत छोड़कर संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने संसद का एक पुराना वीडियो भी शेयर किया। इसमें वे भाषण दे रहे हैं और विपक्षी सांसद सदन से उठकर जाते दिख रहे हैं। रिजिजू ने वीडियो के साथ लिखा- जो लोग लोकतंत्र और चर्चा में विश्वास नहीं करते, वे ही आज बहस की बात कर रहे हैं। रिजिजू का यह बयान राहुल गांधी की प्रधानमंत्री मोदी को आमने-सामने बहस की चुनौती के बाद आया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पिछले तीन दिनों में चार बार प्रधानमंत्री को बहस के लिए चुनौती दी है।

राहुल बांग्लादेश चले जाएं: राजीव चंद्रशेखर

केरलम भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने राहुल गांधी पर भारत में अराजकता फैलाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट कर कहा- राहुल बांग्लादेश चले जाएं। अगर उन्हें अराजकता फैलाने का शौक है तो वे वहां जाकर राजनीति करें और अपने साथ जमात-ए-इस्लामी को भी ले जा सकते हैं, जो उनका समर्थन करता है।

भाजपा ने महाराष्ट्र की गोकुल डेयरी चुनाव में नियम बदले : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र की गोकुल डेयरी के चुनाव को लेकर भाजपा पर चुनाव के बाद नियम बदलकर बहुमत छीनने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसे दूध उत्पादकों के वोटों की चोरी बताया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को एक्स पर लिखा- गोकुल में दूध डेयरी चलाने वालों ने भाजपा को हरा दिया। तो भाजपा ने चुनाव के बाद नियम बदल दिए। 4 डायरेक्टर ठूंसो, 12 को 16 बनाओ, बहुमत चुराओ। गोकुल दूध डेयरी में 19 अक्टूबर को 25 निदेशक पदों के लिए चुनाव हुआ था। इसमें कांग्रेस समर्थित पैनल को 13 और भाजपा नीत महायुति गठबंधन को 12 सीटें मिलीं थीं।

पांच करोड़ रुपये का कोबरे का जहर जब्त पांच तस्कर गिरफ्तार

ठाणे(भाषा)। ठाणे जिले में पुलिस ने वन्यजीव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 500 मिलीग्राम से अधिक कोबरा सांप का विष जब्त किया है, जिसकी कीमत 5.2 करोड़ बताई गई है। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 29 अक्टूबर को काशीगांव इलाके में डोंडिया पेट्रोल पंप के पास जाल बिछाया। पुलिस ने मोहम्मद दानिश फैयिम खान (23) और अब्दुल करीम राशिद अहमद शेख (51) के पास से कांच की दो शीशियां बरामद कीं।

GVM GIRLS COLLEGE, MURTHAL ROAD, SONEPAT-131001
(Affiliated to M.D. University, Rohtak) (Ph: 0130-2234193, 9996089500)
Website: www.gvmgc.in Email-Id: gvmgcpost@yahoo.com

Portal opening date-06.11.2026 **Portal closing date- 26.11.2026**

Applications are invited online from eligible female candidates for the following posts of Assistant Professors on a regular basis against sanctioned posts, as per DGHE, Panchkula letter No. 08/45-2017 C 4(1) dated 15.10.2026.

S. No.	Subject	No. of Posts	Category		
1	Chemistry	03	1 EWS (Gen.)	1 SC	1 BC-A
2	English	03	1 SC	1 BC-A	1 ESM (Gen.)
3	Home Science	02	1 BC-B	1 PWD (Gen.)	
4	Hindi	02	1 BC-A	1 SC	
5	History	01	1 SC		
6	Zoology	01	1 EWS (Gen.)		
7	Political Science	01	1 SC		

Eligibility, Pay Scale, Criteria of Selection, Age and all other conditions will be as per latest UGC norms/guidelines of State Govt./DGHE, Haryana (Revised Recruitment Criteria dated 11.11.2022, 12.12.2022 and 18.04.2023) and M.D. University, Rohtak.

The prescribed application form, duly completed in all respects, must be submitted online. within 21 days from the date of advertisement. Scanned copies of certificates/documents must be uploaded with the application form.

An online application fee of Rs. 500/- by SC category candidates, Rs. 250/- by PWD candidates and Rs. 1000/- shall be payable by all other candidates. A hard copy of the submitted application form, along with supporting documents, should also be sent to The Dean, College Development Council, M.D. University, Rohtak as well as to The DGHE Office, Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana, under registered cover, within the stipulated time of the publication of the advertisement. Incomplete application in any respect will not be considered.

Kindly attach
- No objection certificate' from the present employer.
- Score Sheet Proforma, duly filled in, with the application form.
- Latest Reserved Category Certificate.
- Offline applications will not be accepted.

NOTE: For applying online, kindly visit college website - www.gvmgc.in

President, Governing Body **Principal**

राज्यसभा के लिए मप्र से निर्विरोध निर्वाचित हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप

भोपाल। राज्यसभा में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी अब मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। भाजपा ने उन्हें केंद्रीय मंत्री डॉ. एम मुरुगन के त्यागपत्र से रिक्त सीट पर हुए उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया। नाम वापसी की समय सीमा बीतने के बाद परिणाम की औपचारिक घोषणा कर दी गई। पुरी द्वारा अधिकृत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल को रिटर्निंग आफिसर उमेश शर्मा ने प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, विधायक रामेश्वर शर्मा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।



लुधियाना में बेकाबू कार ने पांच लोगों को कुचला, एक की मौत

लुधियाना। लुधियाना में गुरुवार सुबह करीब सवा 8 बजे एक वरना कार व्यस्त सड़क पर बेकाबू हो गई। कार ने रास्ते में आए करीब 5 लोगों को अपनी चपेट में लिया, जिसमें स्कूटी सवार एक सब्जी विक्रेता की मौके पर ही मौत हो गई। कार उस सब्जी विक्रेता को दूर तक घसीटती ले गई, फिर उसे कुचलकर आगे निकल गई। वहीं, बाकी लोगों को गहरी चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोग सभी घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां सभी का उपचार चल रहा है। कार ड्राइवर दुर्घटना के बाद मौके से भाग गया था। हालांकि, सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। लोगों ने बताया है कि ड्राइवर कार चलाना सीख रहा था। बाजार में भीड़ देख वह घबरा गया था और यह दुर्घटना हो गई। इस दुर्घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

ड्राइवर बाजार में भीड़ देखकर घबरा गया और दुर्घटना हो गई

बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा बेंच का फैसला

गोवा में 5 लोगों के नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने के आदेश

पणजी। बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा बेंच ने चुनाव आयोग (ईसीआई) को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान वोटर लिस्ट से हटाए गए एक परिवार के पांच सदस्यों के नाम दोबारा जोड़ने का आदेश दिया है। कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि एड्रेस की पुष्टि करने के बाद 10 दिन का समय दिया है। कोर्ट ने ईसीआई की आदेश पर रोक लगाने की मांग भी खारिज कर दी। यह मामला गोवा के सालगांवकर परिवार से जुड़ा है। परिवार के सदस्यों ने पता बदलने के लिए फॉर्म 8 भरा था, लेकिन इसके बावजूद एसआईआर में उनके नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से हटा दिए गए। इसके बाद परिवार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर नाम हटाने और फॉर्म 8 के आवेदन खारिज करने को चुनौती दी थी। चुनाव आयोग ने एसआईआर से जुड़े मामले सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने का हवाला देकर सुनवाई टालने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने कहा कि गोवा मामला अलग है, यहां मतदाता सूची में बदलाव की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।



एसआईआर में काटे गए थे नाम

ईसी नाम हटाने से पहले सुनवाई का मौका दे

उप्र : सरकारी आवास के अंदर दंपति की हत्या, 18 माह की मासूम घायल

कन्नौज। उप्र के कन्नौज के गुरसहायगंज में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित सरकारी आवास में पति-पत्नी की कथित तौर पर हत्या कर दी गई जबकि उनकी 18 महीने की बेटी घायल अवस्था में मिली। पुलिस ने बताया कि संजय कुमार कछेरिया (30) और उनकी पत्नी सुधा कछेरिया (26) के शव बृहस्पतिवार सुबह उनके घर में खून से लथपथ मिले। पुलिस को आशंका है कि वारदात बुधवार रात को हुई। दंपति की बेटी तान्या को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि घटना का पता पूर्वाह्न करीब 10 बजे चला, जब घर किसी प्रकार की हलचल न होने पर लोग अंदर देखने पहुंचे। पुलिस के मुताबिक, दंपति का आठ वर्षीय बेटा कृत्यांश अपने चाचा के साथ अशोक नगर में रह रहा था।



चिंतन

कारोबारियों के हित में दुनिया में स्थिरता



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

दीपावली पर इस समय जब वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं के कारण दुनिया के अधिकांश देशों में महंगाई और मुश्किलों के कारण निराशा का परिदृश्य है, तब भारत में आम आदमी डिजिटल व्यवस्था से जुड़ी जनकल्याण योजनाओं से पूरी तरह लाभान्वित होकर महंगाई एवं मुश्किलों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए दिखाई दे रहा है। देश के गरीब वर्ग और छोटे किसान से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था तक के लिए शुभ-लाभ का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। दीपावली की रोशनी में दिखाई दे रहे इस सकारात्मक परिदृश्य के पीछे भारत के डिजिटल विकास की अहम भूमिका है।

दुनिया का कारोबार युद्ध, टकराव और अनिश्चितता के सहारे नहीं, बल्कि शांति, स्थिरता और भरोसे के वातावरण में फलता-फूलता है। जब देशों के बीच तनाव बढ़ता है तो उसका असर केवल कूटनीतिक संबंधों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि कच्चे तेल की कीमतों से लेकर माल ढुलाई, उत्पादन लागत, निर्यात और निवेश तक दिखाई देता है। इसके विपरीत, दुनिया में स्थिरता की उम्मीद भी बाजारों में नई ऊर्जा भर देती है। इसलिए दुनिया में स्थिरता होना कारोबारियों के हित में है। धनतेरस से ठीक पहले भारतीय शेयर बाजार में आई जोरदार तेजी इसी बदलते वैश्विक माहौल का संकेत है। पांच नवंबर को सेंसेक्स का 2009 अंक उछलकर 79,310 पर बंद होना और निफ्टी का 576 अंक चढ़कर 24,537 के स्तर पर पहुंचना केवल आंकड़ों का उछाल नहीं है, बल्कि निवेशकों के लौटते भरोसे की अभिव्यक्ति भी है। इस तेजी के पीछे अंतरराष्ट्रीय राजनीति की भी अहम भूमिका है। अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी को दोनों सदनों में झटका लगने से उनकी नीतियों और निर्णयों पर राजनीतिक अंकुश बढ़ने की संभावना है। इससे ट्रंप की मनमानी पर रोक लगेगी और दुनिया कुछ स्थिर हो सकेगी। अमेरिकी राजनीति में सत्ता के संतुलन का बदलना वैश्विक बाजारों के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। खासकर तब, जब दुनिया पहले से ही पश्चिम एशिया के तनाव और ईरान से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर चिंतित हो। कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी भी भारत जैसे आयात निर्भर देश के लिए राहत का संकेत है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होने से देश का आयात बिल बढ़ता है, रुपये पर दबाव आता है और महंगाई को हवा मिलती है। इसके उलट तेल की कीमतों में गिरावट से सरकार, उद्योग और आम उपभोक्ता तीनों को राहत मिल सकती है। परिवहन, बिजली, उर्वरक, रसायन और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों की लागत घटने से कारोबारी गतिविधियों को गति मिल सकती है। इसका लाभ अंततः रोजगार और मांग बढ़ने के रूप में भी सामने आ सकता है। शेयर बाजार के साथ ही सर्राफा बाजार में भी चमक देखने को मिली है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,328 रुपये चढ़कर करीब 1.44 लाख रुपये पर पहुंच गया, जबकि एक किलो चांदी 1,749 रुपये चढ़कर 1.88 लाख रुपये पर हो गई है। भारतीय बाजार की तेजी का एक घरेलू आधार भी है। सितंबर तिमाही के कंपनियों के बेहतर नतीजों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है। रिलायंस, इंफोसिस और टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में मजबूती ने बाजार को सहारा दिया। विदेशी निवेशकों की वापसी की उम्मीद और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर में संभावित बदलाव की चर्चाओं ने भी निवेश धारणा को प्रभावित किया है। अमेरिकी मध्यावधि चुनाव का संदेश भी यही है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में संतुलन और जवाबदेही का महत्व केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आर्थिक निर्णयों और वैश्विक भरोसे को भी प्रभावित करता है। किसी एक देश की नीतियों का असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। ऐसे में भारत के कारोबारियों के हित में यही होगा कि वैश्विक शक्तियां युद्ध और व्यापारिक टकराव के बजाय सहयोग का रास्ता अपनाएं। कारोबारियों के लिए सबसे बड़ा उपहार शेयर बाजार के कुछ हरे निशान नहीं, बल्कि दुनिया में शांति, स्थिरता और भरोसे का स्थायी माहौल है। बाजार की तेजी का उत्सव मनाने के साथ यह समझना जरूरी है कि स्थायी आर्थिक समृद्धि के लिए वैश्विक शांति, नीतिगत स्थिरता और घरेलू कारोबार के अनुकूल वातावरण अनिवार्य हैं।

डिजिटल विकास से शुभ-लाभ का परिदृश्य

यकीनन दीपावली पर इस समय जब वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं के कारण दुनिया के अधिकांश देशों में महंगाई और मुश्किलों के कारण निराशा का परिदृश्य है, तब भारत में आम आदमी डिजिटल व्यवस्था से जुड़ी जनकल्याण योजनाओं से पूरी तरह लाभान्वित होकर महंगाई एवं मुश्किलों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए दिखाई दे रहा है। देश के गरीब वर्ग और छोटे किसान से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था तक के लिए शुभ-लाभ का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। दीपावली की रोशनी में दिखाई दे रहे इस सकारात्मक परिदृश्य के पीछे भारत के डिजिटल विकास की अहम भूमिका है। हाल ही में 3 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व बैंक की 'पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' रिपोर्ट के आंकड़ों का हवाला देते हुए पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत गरीबी उन्मूलन के साथ आर्थिक रूप से तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2011 से 2023 के दौरान भारत में लगभग 50 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी के चक्रव्यूह से बाहर निकले हैं। इस अवधि में अत्यधिक गरीबी की दर 27 प्रतिशत से उल्लेखनीय रूप से घटकर मात्र 2.6 प्रतिशत रह गई है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) और पारदर्शी नीतियों के कारण सरकारी योजनाओं का पैसा बिना किसी लीकेज या घोटाले के सीधे लाभार्थियों के खातों तक पहुंच रहा है। साथ ही डिजिटल प्रणाली के कारण भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की उभरते हुए देशों में सबसे तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत का मजबूत होता डिजिटल ढांचा भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को नई शक्ति देते हुए आर्थिक प्रगति का इंजन बन गया है। हाल ही में प्रकाशित केयरएज ग्लोबल रेटिंग्स की ताजा रिपोर्ट ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत का डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) तंत्र दुनिया के 10 सबसे असरदार संरचनात्मक सुधारों में शामिल हो चुका है। वैश्विक स्तर पर 38 देशों के 43 प्रमुख सुधारों का गहन अध्ययन करने के बाद जारी की गई इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत के इस अभूतपूर्व डिजिटल ढांचे ने न केवल आम नागरिकों के लिए प्रशासनिक और बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाया है, बल्कि लेन-देन की लागत में भी ऐतिहासिक कटौती की है। इस समावेशी डिजिटल तंत्र ने देश में वित्तीय समावेशन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और असंगठित एवं अनौपचारिक अर्थव्यवस्था के औपचारिकीकरण को एक तीव्र गति प्रदान की है। निसंदेह भारतीय अर्थव्यवस्था के तेज़ी से बदलते परिदृश्य में डिजिटल क्रांति अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हाल ही में जारी 'स्टेट ऑफ इंडियाज डिजिटल इकोनॉमी 2026' रिपोर्ट—जिसे इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस (आईसीआरआईईआर) और अंग्रेजी प्रोसस द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किया गया है, के अनुसार भारत अब विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन गया है। इस रिपोर्ट से यह स्पष्ट रूप से उजागर होता है कि भारत ने अपनी डिजिटल कार्यक्षमता, नेटवर्क कवरेज और तकनीकी प्रदर्शन में



जर्मनी, फ्रांस, जापान और कनाडा जैसे कई विकसित राष्ट्रों को पीछे छोड़ दिया है। वर्तमान में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान लगभग 12 से 13 प्रतिशत है, जिसके आगामी एक दशक में बढ़कर 20 प्रतिशत होने का अनुमान है, जबकि भारत का डिजिटल रूप से प्रदत्त व्यापार (जैसे सॉफ्टवेयर, डेटा और क्लाउड सेवाएं) 328 अरब डॉलर के विशाल स्तर को पार कर चुका है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत का डिजिटल विकास देश की आर्थिक प्रगति का नया आधार बन गया है। बीते एक दशक में भारत ने जिस तीव्र गति, दूरदर्शिता और नवाचार के साथ अपने डिजिटल तंत्र का विस्तार किया है, उसने देश के आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। 'डिजिटल इंडिया' अभियान से आरंभ हुई यह यात्रा आज दुनिया के सबसे बड़े और सबसे सफल 'डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना' के निर्माण तक पहुँच चुकी है। जहां दुनिया के कई विकसित देश डिजिटल ढांचा तैयार करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं भारत के इस अभूतपूर्व डिजिटल अभियान की मजबूत रीढ़ 'इंडिया स्टैक' है। यह तीन प्रमुख और परस्पर जुड़े स्तंभों- आधार (सर्वस्वीकृत बायोमेट्रिक पहचान), यूपीआई तथा डिजीलॉकर एवं अकाउंट एग्रीगेटर पर टिका हुआ है। इस तकनीकी रीढ़ को जमीनी स्तर पर मजबूती देने में 'जैम ट्रिनिटी' (जन धन, आधार और मोबाइल) की भूमिका ऐतिहासिक रही है। इसने देश के करोड़ों असंगठित, निर्धन और वंचित नागरिकों को सीधे मुख्यधारा की औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है। सस्ते हाई-स्पीड इंटरनेट डेटा, 5जी नेटवर्क के तीव्र प्रसार और किफायती स्मार्टफोन की व्यापक उपलब्धता ने इस डिजिटल ढांचे को देश के अंतिम गांव तक पहुंचा दिया है। निश्चित रूप से भारत की डिजिटल प्रणाली की सफलता का मूल कारण विभिन्न सरकारी संस्थानों, नियामकों, बैंकों और तकनीकी संस्थाओं के बीच का बेहतर तालमेल और रणनीतिक सहयोग रहा है।

भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे की सफलता का सबसे व्यापक और सकारात्मक प्रभाव सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र तथा छोटे व्यापारियों पर देखा गया है। इससे व्यापार में पारदर्शिता बढ़ी है और देश का कर आधार व्यापक हुआ है। डिजिटल विकास ने भारत को विश्व का तीसरा सबसे बड़ा 'स्टार्टअप इकोसिस्टम' बना दिया है। फिनटेक, एड-टेक, हेल्थ-टेक और एग्री-टेक जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय स्टार्टअप्स न केवल क्रांतिकारी तकनीकी सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं, बल्कि बड़े पैमाने पर नए रोजगार सृजित कर भारी मात्रा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भी आकर्षित कर रहे हैं। इसके साथ ही, 'डिजिटल वाणिज्य के लिए खुला नेटवर्क' (ओएनडीसी) जैसी दूरदर्शी पहलों ने ई-कॉमर्स क्षेत्र में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के एकाधिकार को सीधी चुनौती दी है। निश्चित रूप से डिजिटल कनेक्टिविटी के कारण अब टियर-2 और टियर-3 शहरों तथा ग्रामीण इलाकों के उद्यमी देश की मुख्यधारा की जीडीपी वृद्धि में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं। उम्मीद करें कि भारत 'इंडिया एआई मिशन' के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता में भारी निवेश, 6जी अनुसंधान में अग्रणी भूमिका, सेमीकंडक्टर निर्माण के माध्यम से हार्डवेयर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सुरक्षित डेटा भंडारण के लिए विशाल डेटा सेंटरों का निर्माण तेजी से बढ़ाएगा। उम्मीद करें कि सरकार डिजिटल बढ़त को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए साइबर सुरक्षा को और अधिक अभेद्य बनाने, डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम का जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ाने की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

धनतेरस विशेष



बाल मुकुन्द ओझा

पहला सुख निरोगी काया दूसरा सुख घर में माया

पहला सुख निरोगी काया, दूसरा सुख घर में माया। इसी माहात्म्य को दृष्टिगत रखते हुए धनतेरस का महापर्व हम धूमधाम से मनाते है। इस वर्ष धनतेरस पांच दिन तक चलने वाले दिवाली पर्व का पहला दिन है। यह पर्व उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुख-समृद्धि की मंगलकामना का प्रतीक है। हिंदू धर्म में धनतेरस के त्योहार का बड़ा महत्व है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर आने वाला ये त्योहार इस साल 6 नवम्बर को मनाया जा रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष त्रयोदशी तिथि 6 नवंबर को सुबह 10 बजकर 30 मिनट से शुरू होकर 7 नवंबर की सुबह 10 बजकर 47 मिनट तक रहेगी। ऐसे में धनतेरस का पर्व 6 नवंबर, शुक्रवार को मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान धन्वंतरि सागर मंथन के दौरान हाथ में कलश लिए उत्पन्न हुए थे। भगवान धन्वन्तरि आयुर्वेद जगत् के प्रणेता तथा वैद्यक शास्त्र के देवता माने जाते हैं। धनतेरस को स्वास्थ्य के देवता धन्वन्तरि का दिवस माना जाता है।

धन्वन्तरि आरोग्य, सेहत, आयु और तेज के आराध्य देवता हैं। माना जाता है कि यदि धनतेरस के दिन विधिपूर्वक भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाए तो वे प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। ऐसे में परिवार के लोग निरोगी रहते हैं। स्कंद पुराण के मुताबिक समुद्र मंथन से भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे। जब वह प्रकट हुए तो उनके हाथ में अमृत कलश और पीतल के आभूषण थे। इसलिए धनतेरस पर भगवान की पूजा के साथ बर्तन या किसी पीली धातु को जरूर खरीदा जाता है। भगवान धन्वंतरि विष्णु के अवतार थे और जब समुद्र मंथन हुआ था तो भगवान धन्वंतरि के साथ शरद पूर्णिमा को चंद्रमा, कार्तिक द्वादशी के दिन कामधेनु गाय, त्रयोदशी के दिन धन्वंतरि, चतुर्दशी के दिन मां काली और अमावस्या के दिन मां लक्ष्मी का जन्म हुआ था। इसलिए दिवाली से पूर्व धनतेरस मनाया जाता है। यह सर्वविदित है कि जहां स्वास्थ्य होता है वहीं लक्ष्मी का वास इसलिए भगवान धनवंतरि की जहां पूजा होती है, मां लक्ष्मी वहां अपने आप आ जाती हैं, ऐसा पौराणिक मान्यताओं में कहा गया है। इसलिए धनतेरस पर धनवंतरि, कुबेर और लक्ष्मी मां की पूजा जरूर करनी चाहिए। भारत में कई मंदिरों को भगवान धन्वन्तरि मंदिर के रूप में बनाया गया है। तमिलनाडु के वालाजपत में श्री धन्वंतरि आरोग्यपीदम मंदिर स्थापित है। इस आरोग्य मंदिर का निर्माण श्रीमुरलीधरस्वामिगल ने करवाया था। मध्य प्रदेश के मंदसौर में स्थापित तक्षकेश्वर मंदिर में नागराज तक्षक और आरोग्य देव धन्वंतरि की मूर्ति स्थापित है। इस मंदिर के निर्माण के पीछे महाराज परीक्षित की सर्प काटने से मृत्यु और फिर उनके पुत्र जन्मेजय द्वारा नागों से प्रतिशोध की पौराणिक कथा जुड़ी है। कोयंबटूर में स्थित श्री धन्वंतरी मंदिर तमिलनाडु में एक और लोकप्रिय भगवान धन्वंतरी जी का मंदिर है।

भगवान धन्वंतरि के सबसे प्रमुख और प्राचीन मंदिरों में से एक है नेल्लुवाई का धन्वंतरि मंदिर। किंवदंती में कहा गया है कि मंदिर में मूर्ति अश्विनी देवों द्वारा स्थापित की गई थी और यह वही मूर्ति थी जिसकी श्री द्वारा पूजा की जाती थी। पेरिंगवे में श्री धन्वंतरि मंदिर केरल में त्रिशूर शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक और पुराना धन्वंतरि मंदिर है। मंदिर का गर्भगृह 2 मंजिलों के साथ गोल आकार में बनाया गया है, जो अन्य केरल शैली की वास्तुकला के विपरीत एक दुर्लभ डिजाइन है। थोट्टूवा श्री धन्वंतरि मंदिर भारत के कुछ भगवान धन्वंतरि मंदिरों में से एक है। इस मंदिर के पीठासीन देवता धन्वंतरि हैं और उनकी मूर्ति लगभग छह फीट लंबी और पूर्व की ओर उन्मुख है। श्री रुद्र धन्वंतरि मंदिर जो लगभग 3500 वर्ष पुराना है, पुलमंथोले के केंद्र में स्थित है। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में स्थित राजबाड़ा के पास आड़ा बाजार में भगवान धन्वंतरि का 180 साल पुराना मंदिर है, जहां धनतेरस पर बड़ी संख्या में इंदौर के अधिकतर वैद्य और अन्य लोग दर्शन के लिए सुबह से आना शुरू हो जाते हैं। भारत के पूर्वी तट पर पूर्वी गोदावरी क्षेत्र में एक धन्वंतरि मंदिर है।

यह आंध्र प्रदेश का सबसे पहला धन्वंतरि को समर्पित मंदिर है। धनतेरस पर लोग अपने घरों में दीपक जलाते हैं। भगवान धन्वंतरि की पूजा करते हैं। पौराणिक मान्यता है जो भी धनतेरस पर भगवान कुबेर, मां लक्ष्मी संग धन्वंतरि की पूजा करता है, उसका घर हमेशा धन-धान्य, सुख-सुविधा और वैभव से परिपूर्ण रहता है। धनतेरस पर ज्यादातर लोग सोने-चांदी से बनी चीजों को प्रमुखता से खरीदते हैं और इसके लिए शुभ मुहूर्त पर विचार करते हैं। धनतेरस पर शुभ मुहूर्त में सोने-चांदी से बने बर्तन या आभूषण खरीदने पर बहुत ही शुभ परिणाम प्राप्त होता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

ज्ञान का अभिषेक



संकलित
दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो।

मृत्यु के बाद के साथी



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुंचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूं। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूं। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूंगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूंगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय के साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

अंतर्मन




आज की पाती

गलत खान-पान का शिकार होता दिल

स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है, लेकिन अफसोस आज हमने आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में इस सच्चे धन की परवाह करना ही छोड़ दिया है, इस कारण आज दुनिया में जानलेवा बीमारियों का दायरा बढ़ता जा रहा है, विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनियाभर में बहुत से लोगों की मौत हार्ट अटैक से होती है। आज दुनियाभर में दिल की बीमारी के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है और इसका शिकार अब उम्रदराज लोग ही नहीं, बल्कि युवा और बच्चे भी हो रहे हैं। अगर दिल की बीमारियों से बचना है तो इसके लिए सबसे पहले अपने खान-पान और जीवनशैली पर ध्यान देना होगा, चिंता और तनाव से बचना होगा, प्रकृति के साथ जुड़ना होगा और साफ सफाई का भी ख्याल रखना होगा। - *मोनिका, करनाल*

ट्रेंड

श्रद्धांजलि



भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर उन्हें मेरी श्रद्धांजलि। अपने हृदयस्पर्शी संगीत के माध्यम से, उन्होंने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का बहुत ही सुंदर ढंग से जश्न मनाया।
- **जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

लोकतंत्र राष्ट्रीय शक्ति



लोकतंत्र हमारी राष्ट्रीय शक्ति है, जो जनता के विश्वास, संवैधानिक नियमों के पालन और जनादेश के सम्मान पर टिकी है। 'इंडिया' गठबंधन, जिन्हें जनता ने नकार दिया है, भारत के महान लोकतंत्र को अराजकता, अस्थिरता और अव्यवस्था की आग में झोंकने की लगातार कोशिश कर रहे है। - **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

बेटियों का स्वाभिमान



दिल्ली पुलिस द्वारा अंकिता भंडारी के माता-पिता के साथ की गई बर्बरता, अमानवीय व्यवहार ने पूरे देश की बेटियों के स्वाभिमान को झकझोर कर रख दिया है। भाजपा के संवेदनहीन शासक कब तक चुप रहेंगे? क्या बेटी के लिए न्याय माँगना कोई अपराध है?
- **डिंपल यादव,** सांसद, सपा

युवाओं में प्रतिभा



देश के युवाओं में प्रतिभा, क्षमता और राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा है, लेकिन भाजपा सरकार उनकी इस क्षमता को पहचानने और उसका सही इस्तेमाल करने में विफल रही है। 'अग्निपथ' योजना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।
- **सचिन पायलट,** पूर्व केंद्रीय मंत्री

करंट अफेयर

इथियोपिया ने दिया सूडान के दूतावास को बंद करने का आदेश



इथियोपिया ने सूडान से सटी सीमा के निकट स्थित अपने पश्चिमी शहर असोसा में सूडान के वाणिज्य दूतावास के छह कर्मचारियों को निष्कासित कर दिया है और दूतावास को बंद करने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम को दोनों अफ्रीकी देशों के बीच बढ़ते कूटनीतिक तनाव के रूप में देखा जा रहा है। यह कदम सूडान के उन आरोपों के बीच उठाया गया है, जिनमें उसने कहा था कि उसके बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे ड्रोन इथियोपिया के क्षेत्र से उड़ाए जा रहे हैं। सूडानी कर्मचारियों का निष्कासन इथियोपिया द्वारा एक अक्टूबर को इरीट्रिया के 10 राजनयिकों को देश छोड़ने का आदेश देने और वहां स्थित अपना दूतावास बंद करने के फैसले के बाद हुआ है। इसके जवाब में इरीट्रिया ने इथियोपिया के साथ कूटनीतिक संबंध तोड़ लिए थे। इथियोपिया ने पिछले महीने मिस्र के एक राजनयिक को भी निष्कासित किया था। नील नदी पर इथियोपिया द्वारा बनाए गए विशाल बांध को लेकर मिस्र के साथ उसके संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं। मिस्र को आशंका है कि इस बांध से उसकी जलापूर्ति प्रभावित हो सकती है। इथियोपिया के एक खुफिया अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि सूडान के वाणिज्य दूतावास के छह कर्मचारियों को देश छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया था।

ऑफ बीट

कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों होते हैं



ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे: खगोलशास्त्री संभवतः इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

ऐतिहासिक रहा रोनाल्डो का अंतरराष्ट्रीय फुटबाल कॅरियर

लीग फुटबॉल में खेलते आएंगे नजर



एजेंसी ▶▶| लिस्बन

पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। उनका अंतरराष्ट्रीय करियर साल 2003 में शुरू हुआ था। इसके बाद उन्होंने करीब 23 साल तक पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। रोनाल्डो ने अपने शानदार प्रदर्शन से कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए और पुर्तगाल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई। हालांकि रोनाल्ड लीग फुटबॉल में खेलते नजर आएंगे। वह अल-नासर के लिए खेलते हैं।

पुर्तगाल के लिए खेले 234 मैच, किए 146 गोल

रोनाल्डो ने पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए 234 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। इसके साथ ही वह पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने। गोल करने के मामले में भी उनका कोई सानी नहीं है। रोनाल्डो ने इन मुकाबलों में 146 गोल दागे और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के इतिहास में सर्वाधिक गोल करने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने पुर्तगाल के सबसे सफल खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई।

रोनाल्डो ने कहा- मुझे अपने सफर पर गर्व है

रोनाल्डो ने कहा, आज मैं टीम के साथ मैदान पर अपने सफर का अंत कर रहा हूं। मैं गर्व के साथ विदा ले रहा हूं। मुझे अपने सफर पर गर्व है और इस बात का संतोष है कि मैंने पुर्तगाल के लिए अपना सब कुछ दिया। गोल बीत जाते हैं, ट्रॉफियां संग्रहालयों में रख दी जाती हैं और रिकॉर्ड टूट जाते हैं। लेकिन एक चीज है, जिसे समय कभी नहीं मिटा सकता और वह है लोगों के दिलों में हमारी जगह।

6 विश्व कप खेलने वाले पहले फुटबॉलर

रोनाल्डो ने 2006 से 2026 तक लगातार 6 फीफा विश्व कप में हिस्सा लेकर इतिहास रच दिया। वह 6 विश्व कप खेलने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बने। इतना ही नहीं, उन्होंने 6 अलग-अलग विश्व कप में गोल करने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बनने का गौरव भी हासिल किया। रोनाल्डो ने विश्व कप में कुल 27 मुकाबले खेले और 11 गोल दागे। इसके अलावा उनके नाम 37 असिस्ट भी दर्ज किए हैं। हालांकि, तमाम व्यक्तिगत उपलब्धियों के बावजूद वह अपने करियर में विश्व कप की ट्रॉफी नहीं जीत सके।



कप्तान के तौर पर ऐसे रहे रोनाल्डो के आंकड़े

रोनाल्डो की कप्तानी में पुर्तगाल ने 2016 में पहली बार यूईएफए यूरो कप का खिताब जीतकर इतिहास रचा था। इसके बाद टीम ने 2019 और 2025 में यूईएफए नेशंस लीग की ट्रॉफी भी अपने नाम की। इस तरह रोनाल्डो ने पुर्तगाल को 3 बड़े अंतरराष्ट्रीय खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 2016 यूरो कप की जीत पुर्तगाली फुटबॉल इतिहास का स्वर्णिम अध्याय मानी जाती है और रोनाल्डो के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शामिल है।

यूरो कप में 14 गोल का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

रोनाल्डो का दबदबा यूरो कप में भी देखने को मिला है। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ियों में शुमार हैं। रोनाल्डो ने यूरो कप के 30 मुकाबलों में 14 गोल दागे हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। वह यूरो कप के लगातार 5 संस्करणों में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने। उनकी यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनके लंबे और शानदार करियर की गवाही देती है।

मनु और सुरूचि फाइनल में नाकाम, भारतीय टीम ने जीता रजत

विश्व चैंपियनशिप



एजेंसी ▶▶| दोहा

भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर और सुरूचि इंदर सिंह बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप की महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए पदक की दौड़ से बाहर हो गईं। दोनों खिलाड़ी 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान हासिल करने में भी नाकाम रहीं। हालांकि भारतीय टीम ने 1738 अंक लेकर रजत पदक जीता जबकि चीन को 1745 अंक के साथ स्वर्ण पदक मिला। पेरिस ओलंपिक 2024 में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु 179.9 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। एशियाई खेलों की मिश्रित टीम स्पर्धा की स्वर्ण पदक विजेता सुरूचि ने 158.3 अंक के साथ छठा स्थान हासिल किया।

चीन ने स्वर्ण व रजत हंगरी ने जीता कांस्य

चीन की जियांग रानशिन ने 242.4 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उनकी हमवतन याओ कियानशुन ने 242.1 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। हंगरी की वेरोनिका मेजर ने 222.1 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। तीनों पदक विजेताओं ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान भी हासिल किए जबकि भारतीय निशानेबाजों को निराशा हाथ लगी।

वेलिंगटन के मैदान पर देखने मिलेगी बल्लेबाजों और गेंदबाजों की टक्कर

दूसरा वनडे कल, सीरीज में बढ़त बनाने भारत और बराबरी करने न्यूजीलैंड बेकरार

एजेंसी ▶▶| वलिंगटन

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच 5 मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार 7 नवंबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा। पहले मैच में भारत ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत 5 विकेट से जीत दर्ज की थी। ऐसे में कीवी टीम की नजरें इस मुकाबले में जीत हासिल कर सीरीज में वापसी करने पर होंगी। वहीं, भारतीय टीम अपनी बढ़त को और मजबूत करना चाहेगी। वेलिंगटन में दोनों टीमों के आंकड़े जान लेते हैं।

वेलिंगटन में ऐसा रहा है दोनों टीमों का प्रदर्शन

भारत ने वेलिंगटन में अपना पहला वनडे साल 2003 में खेला था। उन्होंने यहां अब तक 4 वनडे खेले हैं। इस दौरान उसे 2 मैच में जीत मिली है। एक मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच में कोई नतीजा नहीं निकला है। वहीं, न्यूजीलैंड ने इस मैदान पर 30 वनडे खेले हैं। इस दौरान उसे 17 मैच में जीत मिली है। 11 मैच में उसे हार मिली है। 2 मैच में नतीजा नहीं निकला है।



ऐसी है वेलिंगटन की पिच रिपोर्ट

वेलिंगटन के स्काई स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। यहां ड्रॉप-इन पिच का इस्तेमाल होता है, जिस पर बल्लेबाजों को रन बनाने के अच्छे मौके मिलते हैं। हालांकि, नई गेंद से तेज गेंदबाजों को स्विंग और उछाल मिल सकता है। इस मैदान पर मौसम और बारिश का भी अहम प्रभाव रहता है। ऐसे में भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे वनडे में गेंद और बल्ले के बीच अच्छी टक्कर देखने को मिल सकती है।

इन बल्लेबाजों ने किया है अच्छा प्रदर्शन

इस मैदान पर न्यूजीलैंड के लिए केन विलियमसन ने सबसे ज्यादा 9 पारियों में 67.57 की औसत से 473 रन बनाए हैं। वहीं, ब्रेडन मैकुलम के बल्ले से यहां 20 मैचों की 17 पारियों में 427 रन निकले हैं। न्यूजीलैंड के सक्रिय बल्लेबाजों में किसी खिलाड़ी का यहां अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है। भारत के लिए यहां अंबाती रायडू ने सबसे ज्यादा 2 पारियों में 110 रन बनाए हैं। विराट कोहली के बल्ले एक पारी में 82 रन निकले हैं।

इन गेंदबाजों का रहा है अच्छा प्रदर्शन

न्यूजीलैंड के लिए टिम साउथी ने यहां सबसे ज्यादा 9 मैचों की 9 पारियों में 17.92 की औसत से 25 विकेट लिए हैं। वहीं, डेनियल विटोरी ने यहां 21 पारियों में 22 विकेट अपने नाम किए हैं। कीवी टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने इस मैदान पर 5 पारियों में 5 विकेट चटकाए हैं। युजवेंद्र चहल, जहीर खान और मोहम्मद शमी ने इस मैदान पर वनडे क्रिकेट में भारत के लिए संयुक्त रूप से 5-5 विकेट लिए हैं।

MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY, ROHTAK
(A STATE UNIVERSITY ESTABLISHED UNDER HARYANA ACT NO. XXV OF 1975)
'A+' Grade University accredited by NAAC

नीलामी सूचना (Advt. No. PR-12 of 2026)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक की निम्नलिखित गाड़ियों, पुराने टायर, ट्यूब, फ्लैप तथा गाड़ियों के पुराने अनुपयोगी सामान की, जहाँ है जैसी है के आधार पर, दिनांक **16.11.2026 को प्रातः 11:00 बजे** विश्वविद्यालय के परिवहन कार्यालय में खुली बोली द्वारा नीलामी की जाएगी।
नीलामी की अन्य शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mdurohtak.ac.in पर उपलब्ध हैं।

नीलामी हेतु गाड़ियों का विवरण

क्रमांक	गाड़ी का मेक/विवरण	रजिस्ट्रेशन नं.	ईंधन का प्रकार	मॉडल वर्ष
1.	Honda Civic	HR12AC4424	पेट्रोल	2008
2.	Maruti Suzuki SX4	HR12GV3489	पेट्रोल	2011
3.	Toyota Innova	HR12GV6629	डीजल	2011
4.	M&M Genio	HR46GV2080	डीजल	2015
5.	TATA Bus (40 Seater)	HR46GV4656	डीजल	2014
6.	TATA Bus (40 Seater)	HR46GV3689	डीजल	2014
7.	TATA 407	HR46GV6838	डीजल	2014

अन्य सामान का विवरण

क्रमांक	सामान का विवरण	मात्रा
1.	पुराने टायर	64 नग
2.	पुरानी ट्यूब	17 नग
3.	फ्लैप	17 नग
4.	गाड़ियों का पुराना अनुपयोगी सामान	लगभग 100 किलोग्राम

नीलामी की तिथि: 16.11.2026 (सोमवार)
समय: प्रातः 11:00 बजे
स्थान: परिवहन कार्यालय, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक।
नीलामी की अन्य शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

कुलसचिव
महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय
रोहतक

संवाद-1235/11/186/2027/50829/C/88/6 दि. 05.11.26

हॉकी : भारत ने फाइनल में जापान को 4-1 से हराकर खिताब जीता

मोहाली। मौजूदा चैंपियन भारत ने बृहस्पतिवार को यहां पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में जापान को 4-1 से हराकर खिताबों की हैट्रिक पूरी की और कुल छठी बार यह ट्रॉफी अपने नाम की। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम इससे पहले 2011, 2016, 2018, 2023 और 2024 में भी यह टूर्नामेंट जीत चुकी है। जापान ने तीसरे ही मिनट में काजुमासा मात्सुमोतो के मैदानी गोल की मदद से भारतीय टीम को चौंका दिया। इसके बाद भारत ने लय हासिल की। शिलानंद लाकड़ा (42वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से, दिलप्रीत सिंह (48वें मिनट) ने मैदानी गोल और जुगराज ने 53वें मिनट में 'सेट-पीस' के जरिए गोल किए। विवेक सागर प्रसाद ने 54वें मिनट में गोल करके घरेलू टीम के लिए स्कोर 4-1 कर दिया। भारत ने इससे पहले जालंधर के ओलंपियन सुरजीत सिंह स्टेडियम में टूर्नामेंट के राउंड-रॉबिन चरण में भी जापान को 4-1 से हराया था।

मालवीय ने जीता रजत, ओलंपिक के लिए भारत को निशानेबाजी में पहला कोटा दिलाया

दोहा। भारतीय निशानेबाज जयपाल मालवीय ने बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता और देश को 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए निशानेबाजी में पहला कोटा दिलाया जबकि महिला वर्ग में दिग्गज निशानेबाज मनु भाकर और सुरुचि इंदर सिंह पदक जीतने में नाकाम रहीं। मालवीय ने आठ निशानेबाजों के बीच हुए फाइनल में 242.2 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया और देश के लिए लॉस एंजिलिस ओलंपिक का पहला कोटा सुनिश्चित किया। चीन के काई हू ने 243.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि चेक गणराज्य के जिंद्रिच डुबोवी ने 220.9 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले मालवीय ने क्वालिफिकेशन में छह सीरीज में कुल 585 अंक हासिल कर तीसरे स्थान के साथ पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई थी।

तन्वी युवा ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला

डकार (सेनेगल)। भारत की उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री ने युवा ओलंपिक खेलों की महिला एकल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई हैं। ओडिशा की 15 वर्षीय तन्वी ने शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जापान की दूसरी वरीयता प्राप्त युजुनो वतनबे को कड़े मुकाबले में 21-14, 11-21, 21-19 से शिकस्त दी। 54 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में जीत के साथ ही उन्होंने स्वर्ण पदक के लिए होने वाले खिताबी मुकाबले में जगह पक्की कर ली। तन्वी ने ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। अब उनके पास स्वर्ण पदक जीतकर अपने यादगार अभियान को ऐतिहासिक बनाने का सुनहरा मौका है।



पुनर्वास महानिदेशालय
रक्षा मंत्रालय
पूर्व सैनिकों (ईएसएम) के लिए जॉब मेला
20 नवंबर 2026 - पूर्वा. 7 बजे से
स्थान: 54 एएसपी, एयर फोर्स स्टेशन, निकट शहीद अतुल कटारिया चौक, गुरुग्राम।
आवश्यक दस्तावेज: ईएसएम आई-कार्ड एवं रिज्यूमे/बायोडेटा की 5 प्रतियां।



पूर्व सैनिक : कुशल, अनुशासित और भरोसेमंद

उद्योग नियोक्ताओं के लिए लाभ
- नि:शुल्क ऑनलाइन पंजीकरण
- नि:शुल्क जॉब पोस्टिंग्स
- स्टॉल्स का नि:शुल्क आवंटन
- ईएसएम के रिजूमे तक नि:शुल्क पहुंच

जॉब मेला में नियोक्ता क्या उम्मीद कर सकते हैं
नेतृत्व भूमिकाओं के लिए अधिकारी और निम्नलिखित के लिए पूर्व सैनिक :-
- पीएसओएस, सुपरवाइजर्स और गार्ड्स
- ड्राइवर्स और मशीनरी ऑपरेटर्स
- शेफ, स्टीवर्ड और हॉस्पिटैलिटी रोल्स
- पैरामेडिकल स्टाफ और अस्पताल प्रशासन
- फिटर्स, इलेक्ट्रीशियंस और तकनीशियंस
- कारीगर, मैकेनिक और इंजन ऑपरेटर्स
- नेटवर्क और टेलीकॉम इंजीनियर्स
- सर्वेयर्स और ड्राफ्ट्समेन
- मशीनिस्ट्स, वेल्ड्स और कारीगर
- ऑटोमोबाइल, एविएशन और हथियार तकनीशियन

अधिक विवरण के लिए संपर्क करें :
संयुक्त निदेशक, डीआरजेड (डब्ल्यू) - 0172-2992652
drzwcdm@desw.gov.in
संयुक्त निदेशक (एसई), डीजीआर - 011-20863432
seopadgr@desw.gov.in
निदेशक (एसई), डीजीआर - dirsedgr@desw.gov.in

In collaboration with ESMHire™
पंजीकरण अभी खुला है : www.esmhire.com
CBC 10401/11/0010/2627


30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य लेकर लौटे 97 खिलाड़ियों से मिले पीएम मोदी

बोले-पैरा एथलीट ने फिर दिखा दिया हौसलों से संभव है सबसे ऊंची उड़ान

पीएम ने इतिहास रचने वाली इस टीम से गुरुवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मुलाकात की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जापान में इस बार आयोजित किए गए एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम के 97 पैरा खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जापान के आइची-नागोया पहुंचे थे। भारतीय टीम ने इस दौरान 114 पदक जीते, जो अब तक के एशियाई पैरा गेम्स के भारतीय इतिहास का सबसे ज्यादा है। इनमें 30 गोल्ड, 35 सिल्वर और 49 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।



भारत खेल में एक शक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा: भारतीय पैरा खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के बाद जापान से लौटी भारतीय टीम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवाद किया। आयोजन दिल्ली के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया। बातचीत के बीच पीएम मोदी ने एक ऐसी लाइन कही, जिससे पैरा खिलाड़ियों का मन गदगद हो गया। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें खिलाड़ियों से मिलने का बेसब्री से इंतजार था। उन्हें बहुत खुशी है कि वे पैरा एशियाई खिलाड़ियों से मुलाकात कर रहे हैं।

खिलाड़ियों के कोच की तारीफ की



पीएम मोदी ने इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों को भी बधाई दी। खिलाड़ियों के कोच की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक सामान्य खिलाड़ी के पीछे कोच को जितनी मेहनत करनी पड़ती है, पैरालंपिक के लिए उससे अनेक गुना ज्यादा मेहनत करनी होती है, तब जाकर के रंग बिखरते हैं। इसलिए उनको मैं विशेष बधाई देता हूं, उनका अभिनंदन करता हूं।



ट्रंप ने अपने करीबी सलाहकारों से मांगी सलाह

मध्यावधि चुनाव में हार के बाद ट्रंप प्रशासन में बड़े फेरबदल की अटकलें

विदेश मंत्री रुबियो की जगह लेंगे सर्जियो गोर! पीट हेगसेथ की रक्षा मंत्री पद से होगी रवानगी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को मिली हार के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन में बड़े बदलावों की अटकलें तेज हो गई हैं। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में अमेरिका के राजदूत और ट्रंप के करीबी सर्जियो गोर को बड़ी जिम्मेदारी मिलने की चर्चा है। उन्हें सरकार में किसी वरिष्ठ पद पर नियुक्त किया जा सकता है। रिपोर्ट में 10 लोगों के हवाले से बताया गया है कि गोर अधिक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हासिल करना चाहते हैं। मामले से जुड़े एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि गोर ऐसी भूमिका चाहते हैं, जिसमें उनकी सार्वजनिक मौजूदगी ज्यादा हो। गोर का नाम व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के उत्तराधिकारी के तौर पर भी सामने आया है। इसके अलावा, वह विदेश विभाग में उप विदेश मंत्री क्रिस लैंडौ की जगह लेने जैसे दूसरे वरिष्ठ पदों पर भी विचार कर सकते हैं। बता दें, सर्जियो गोर पहले व्हाइट हाउस में वरिष्ठ सहयोगी के तौर पर काम कर चुके हैं और राष्ट्रपति ट्रंप के

■ रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी बढ़ी कलह


डोनाल्ड ट्रंप | सर्जियो गोर | मार्को रुबियो | पीट हेगसेथ

खबर पूरी तरह बकवास: गोर

हालांकि, सर्जियो गोर और अमेरिकी प्रशासन के प्रतिनिधियों ने इन खबरों को खारिज किया है। गोर ने एक बयान में कहा कि यह खबर पूरी तरह और बिल्कुल बकवास है। उन्होंने विदेश मंत्री मार्को रुबियो की तारीफ करते हुए कहा कि सेक्रेटरी मार्को रुबियो ने साबित किया है कि वह इतिहास के सबसे योग्य, उपलब्धियां हासिल करने वाले और महान विदेश मंत्री हैं। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता। वह मेरे प्रिय मित्र हैं और भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में हर दिन उनके साथ काम करना मेरे लिए खुशी की बात है। यह जीवन का एक सच्चा सम्मान है। मुझे किसी दूसरी भूमिका में कोई दिलचस्पी नहीं है। वहीं, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने भी इस रिपोर्ट को मनगढ़ंत बताते हुए कहा कि गोर की किसी दूसरे पद में रुचि नहीं है।

शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर बढ़ा दबाव

व्हाइट हाउस के अधिकारियों का मानना है कि चुनावी नतीजों के बाद सेना के शीर्ष अधिकारियों पर भी दबाव बढ़ सकता है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन को भी ईरान युद्ध के संबंध में उनकी सलाहकारी भूमिका को लेकर संसद और जनता के कड़े सवालों का सामना करना पड़ सकता है।



हार का प्रमुख कारण ईरान से युद्ध

वहीं, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को हटाने पर विचार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मध्यावधि चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की हार के कारणों में सबसे प्रमुख ईरान युद्ध को बताया जा रहा है। यही वजह है कि ट्रंप रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को हटाने पर विचार कर रहे हैं और उन्होंने इसके लिए अपने सलाहकारों से सलाह मांगी है। हालांकि, हेगसेथ को पद से हटाने को लेकर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है।

ट्रंप और व्हाइट हाउस ने दावों को किया खारिज

जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या हेगसेथ टेनेसी की खाली सीनेट सीट भरने के लिए सीनेट में जा सकते हैं, तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अगर वह ऐसा करते हैं तो वह काफी लोकप्रिय होंगे। वहीं व्हाइट हाउस ने भी रक्षा मंत्री के पद पर किसी तरह के खतरे की अटकलों को खारिज किया है।

21 अवैध पिस्टल और 65 राउंड कारतूस जब्त

पश्चिम बंगाल में 1,150 जिलेटिन स्टिक और 989 डेटोनेटर बरामद



बीरभूम। पश्चिम बंगाल के बीरभूम में गुरुवार को पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की छापेमारी के दौरान 1,150 जिलेटिन स्टिक, 989 डेटोनेटर और 12,000 मीटर डेटोनेटिंग कॉर्ड जब्त किए गए। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

एक अलग कार्रवाई में, एसटीएफ ने पांडबेश्वर इलाके से 21 अवैध हथियार और 65 राउंड कारतूस बरामद किए हैं। एसटीएफ कर्मियों ने बीरभूम जिले के मुरारई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बरुआ गोपालपुर गांव में एक अनाधिकृत गोदाम पर छापा मारा। एसटीएफ ने दो लोगों- मोहम्मद रेजा शेख निवासी राजग्राम और मुकेश सिंह निवासी सूरी के तिलपाड़ा को गिरफ्तार किया है।

गुयाना में भी शुरू होगा यूपीआई

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एंटीगुआ और बारबुडा में राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक (चौगम) से इतर गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और गुयाना के बीच द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। बैठक में भारत और गुयाना के बीच तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की विनिर्माण परियोजनाओं की आपूर्ति और स्थापना, त्वरित प्रभाव वाली परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए अनुदान सहायता और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के क्षेत्र में सहयोग शामिल हैं। तीसरे समझौते के तहत गुयाना में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस जैसी भुगतान प्रणाली के संचालन में सहयोग का प्रावधान है। भारत की ओर से 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर की नई ऋण सुविधा देने की घोषणा की।


राष्ट्रपति अली और जयशंकर

कोलकाता में बच्चे के फेफड़े में फंसा था चुम्बक :दूसरे चुंबक की मदद से निकाला

कोलकाता। कोलकाता मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने 6 साल के बच्चे के फेफड़े में फंसे चुम्बक को बाहर निकालकर उसकी जान बचा ली। खास बात ये है कि ये चुम्बक किसी महंगी मशीन से नहीं, बल्कि माणिकतला के एक लोकल वर्कशॉप में बने स्पेशल चुम्बक से निकाला गया। बच्चे का नाम आराफात अली है, जो उत्तर 24 परगना के बादुड़िया का रहने वाला है। मंगलवार को उसकी मां उसे लगातार खांसी और सांस लेने में दिक्कत की शिकायत के साथ अस्पताल लाई थी।


राष्ट्रपति हर्जोग विभिन्न दलों से चर्चा करते हुए

इजराइल में सरकार बनाने की कवायद

दूसरे दिन भी राष्ट्रपति हर्जोग ने विभिन्न दलों से की बातचीत

- *4 सदस्यों का किसी को समर्थन नहीं देने का ऐलान*
- *3 सदस्यों ने अभी तक रुख स्पष्ट नहीं किया*
- *आइसनकोट के चुने जाने की अधिक संभावना*
- *26वीं संसद का पहला सत्र 10 नवंबर को होगा*

एजेंसी ▶▶ यरूशलम

आम चुनाव के नतीजों में किसी भी दल या गठबंधन के स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के बाद इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने संसद (नेसेट) के विभिन्न गुटों के साथ राजनीतिक परामर्श का दूसरा दिन शुरू कर दिया है। इन चर्चाओं का मकसद यह है कि देश की अगली सरकार बनाने वाला कौन सा नेता सबसे उपयुक्त है।

जनादेश के लिए चर्चा

राष्ट्रपति हर पार्टी से पूछते हैं कि वे पीएम पद के लिए किस उम्मीदवार का समर्थन करते हैं। इसके आधार पर वे फैसला करते हैं कि किस राजनीतिक नेता को सरकार बनाने का पहला मौका (जनादेश) दिया जाए। उन्हें उस नेता को आमंत्रित करना होता है जिसके पास सरकार बनाने की सबसे अधिक संभावना हो।

खबर संक्षेप

रेलवे मंत्रालय को पीएम सूर्य घर उत्कृष्टता पुरस्कार मिला

नई दिल्ली। रेल मंत्रालय को गुरुवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित 'नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2026' में उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने प्रतिष्ठित 'पीएम सूर्य घर उत्कृष्टता पुरस्कार' प्रदान किया। मंत्रालय ने देशभर में छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 15,868 रेलवे इमारतों की पहचान की है।'

बारूदी सुरंग से टकराए 2 टैंकर, 1 टगबोट, लगी आग

तेहरान। ईरान के आईआरजीसी के अनुसार बुधवार रात होर्मुज स्ट्रेट के दक्षिणी रास्ते से गुजरते समय एक बड़ा तेल टैंकर बारूदी सुरंग (माइन) से टकरा गया, जिससे उसमें आग लग गई। वहीं, एक दूसरा सुपरटैंकर जलमार्ग के पूर्वी हिस्से से बाहर निकलते समय आग की चपेट में आ गया, और आग बुझाने के लिए भेजी गई एक टगबोट भी बाद में जलने लगी।

गंगोत्री हाईवे पर नदी में समाई कार, 4 की मौत



उत्तरकाशी। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार सुबह गंगनानी के पास भागीरथी नदी में इनोवा कार गिरने के हादसे में अब तक 4 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। वाहन में 7 लोग सवार थे। इनमें से एक घायल है और 2 लापता हैं। सभी यात्री गुजरात के साबरमती क्षेत्र के निवासी हैं और उत्तरकाशी से गंगोत्री धाम की ओर जा रहे थे। हादसे के बाद लापता लोगों की तलाश के लिए जल पुलिस और गोताखोर नदी के तेज बहाव में सर्च अभियान चला रहे हैं। घायल पटेल वेदांत अशोकभाई (17), को प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटवाड़ी लाया गया।

डीआरडीओ ने किया 'क्वासी बैलिस्टिक प्रलय' मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)। भारत ने पारंपरिक हथियार ले जाने में सक्षम क्वाजी-बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' का बृहस्पतिवार को सफल परीक्षण किया। मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के तट पर स्थित डॉ. एपीजे कलाम द्वीप से किया गया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित 'प्रलय' कम दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है, जिसकी मार वहन क्षमता 500 से 1,000 किलोग्राम है।सफल परीक्षण के साथ ही इस प्रणाली को सेना में शामिल किया जाना अब लगभग तय हो गया है।" स्वदेशी रूप से विकसित इस क्वाजी-बैलिस्टिक मिसाइल में अत्याधुनिक प्रणाली का इस्तेमाल किया गया है।

दुल्हन करती रही इंतजार दूल्हा नहीं लाया बारात

शादी से ठीक पहले 10 लाख कैश-4 तोले सोना मांगा न देने पर रिश्ता तोड़ा

एजेंसी ▶▶ फरीदकोट।

पंजाब के फरीदकोट में मनचाहा दहेज नहीं मिला तो दूल्हा बारात लेकर ही नहीं आया। दुल्हन के घर में सारी तैयारियां हो चुकी थी। रिश्तेदार आ गए थे। इससे पहले ही दूल्हे के परिजन 10 लाख कैश और 4 तोले सोना मांगने लगे। जब दुल्हन के परिजनों ने कहा कि हम ये नहीं दे सकते तो उन्होंने बारात लाने से ही इनकार कर दिया। दुल्हन पक्ष पुलिस के पास पहुंचा। जिसके बाद दूल्हे समेत 6 लोगों पर केस दर्ज कर लिया गया है। 4 नवंबर को शादी होनी थी। पिता ने बताया कि बेटी का विवाह कपूरथला के गांव जातिके संगोजला स्थित गुरुद्वारा नारायणसर के सेवादार शमशेर सिंह के बेटे अमनजोत सिंह के साथ तय हुआ था।

अफ्रीकी ग्रे तोता खुद से खाना भी नहीं खा सकता

उड़ गया चहेता 'लड्डू', ढूंढने वाले को मिलेंगे एक लाख

वडोदरा (गुजरात) (भाषा)। 'लड्डू' उड़ गया है और वडोदरा में उसे अपने 'बेटे' की तरह पालने वाला परिवार उसे ढूंढने के लिए बेहाल है तथा उन्होंने उसे ढूंढने में मदद करने वाले व्यक्ति को एक लाख रुपये का इनाम देने की भी घोषणा की है। 'लड्डू' कोई और नहीं बल्कि पारेख परिवार का पालतू तोता है। परिवार को सबसे ज्यादा चिंता इस बात की है कि यह अफ्रीकी ग्रे तोता खुद से खाना भी नहीं खा सकता। परिवार को यह भी एहसास है कि जो लोग पालतू जानवरों को अपने परिवार का सदस्य नहीं मानते, उन्हें लड्डू की तलाश में उनकी यह बेचैनी कुछ अजीब या मजाकिया लग सकती है। जेसिका पारेख ने कहा, "मेरे लिए वह सिर्फ एक तोता नहीं था, बल्कि मेरी आंखों का तारा था।" जेसिका लड्डू की देखभाल अपने बेटे की तरह करती थीं। अपने आंसुओं पर काबू पाने की कोशिश करते हुए उन्होंने लोगों से इस पक्षी को तलाशने की अपील की। लड्डू 31 अक्टूबर को शाम सात बजे से लापता है।



चुनाव आयोग ने एसआईआर के संबंध में की अहम घोषणा

6 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में होगा एसएसआर

21 जनवरी को फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने देश के 6 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) कराने की घोषणा की है। इन राज्यों में पात्र नागरिकों को वोटर लिस्ट जोड़ा जाएगा, जिनके नाम अब तक शामिल नहीं हो पाए हैं। वहीं अगर किसी को सुधार की जरूरत है, तो उसके लिए भी ये प्रक्रिया सही होगी।राज्यों में 21 जनवरी को फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी। एसएसआर अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, सिक्किम, चंडीगढ़ और दादरा एवं नगर हवेली एवं दमन एवं दीव में किया जाएगा।



राज्यों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश

प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि उसने छूटे हुए, युवा या पहली बार मतदान करने वाले पात्र मतदाताओं के नामांकन हेतु एक विशेष अभियान चलाने के निर्देश जारी किए थे। केंद्रों का पुनर्व्यवस्थापन 20 नवंबर तक होना चाहिए। ड्राफ्ट 30 नवंबर को प्रकाशित होगा। 30 नवंबर से 30 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज करने का समय होगा।

कई राज्यों में भी हो रही एसएसआर

आयोग ने उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसएसआर का आदेश दिया था जहां एसआईआर पूरा हो चुका था। इसमें अंडमान और निकोबार बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, मणिपुर, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बंगाल हैं।

आयोग को हाई कोर्ट का झटका

10 दिन में फिर से जोड़ें नाम

एसआईआर पर छिड़े सियासी संग्राम के बीच बॉम्बे हाई कोर्ट की गोवा पीठ ने एक अहम फैसला दिया है। कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को आदेश दिया कि वह एक परिवार के उन 6 सदस्यों के नाम मतदाता सूची में शामिल करे, जिन्हें गोवा में एसआईआर के दौरान अंतिम मतदाता सूची से हटा दिया गया था। जस्टिस वाल्मीकि मेनेजेस और जस्टिस अमित जामसांडेकर की खंडपीठ ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28